भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 247 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 01 सितम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान

प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## तालिबान पर कसेगी लगाम? अफगानिस्तान पर यूएनएससी के प्रस्ताव में भारत की थी अहम भूमिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान का राज स्थापित होने के बाद मुल्क की जमीन का इस्तेमाल किसी और देश के खिलाफ न हो, इस मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पारित हुआ है। इस प्रस्ताव को पारित कराने में भारत की केंद्रीय भूमिका रही है। सूत्रों के मुताबिक नई दिल्ली की इस प्रस्ताव में एक्टिव भूमिका रही है। 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्यों वाले इस संगठन ने प्रस्ताव पारित करते हुए कहा कि तालिबान को अपने वादों पर खरा उतरना चाहिए और सुनिश्चित करना जरूरी है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ न हो पाए। इसके अलावा प्रस्ताव में अफगानिस्तान छोड़ने वाले लोगों



को आसानी से जाने देने की मांग की गई है। यही नहीं अफगानिस्तान में मानवीय मदद पहुंचा रहे संगठनों को काम करने से न रोकने को कहा गया है। बीते कुछ दिनों से इस मामले को लेकर भारत लगातार सुरक्षा परिषद के सदस्यों के संपर्क में था। हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने फोन पर बात की थी। इसमें भी उन्होंने इस प्रस्ताव को लेकर बात की थी। इसके अलावा अन्य देशों से हुई बातचीत में भी इस मुद्दे पर चर्चा की गई थी।

सरकारी सूत्रों ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव 2593 अफगानिस्तान को लेकर भारत की मुख्य चिंताओं को संबोधित करता है। हालांकि इसे पारित कराने में हमने एक्टिव रोल अदा किया है। विदेश सचिव हर्ष वर्धन श्रींगला ही यूएनएससी की उस मीटिंग की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें यह प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव में कहा गया है, 'अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी और देश पर हमले, उसके दुश्मनों को शरण देने, आतंकियों को ट्रेनिंग देने या फिर दहशतगर्दों को फाइनेंस करने के लिए नहीं किया जाएगा।'

यही नहीं प्रस्ताव में खासतौर पर भारत के कट्टर दुश्मन कहे जाने वाले आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा का भी नाम लिया गया है। इसके अलावा अफगानिस्तान से भारत आने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर भी बात कही गई है। सूत्रों ने कहा कि इससे उन भारतीय नागरिकों को मदद मिलेगी, जो अफगानिस्तान में फंसे हुए हैं और भारत लौटना चाहते हैं। इससे अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों को भी मदद मिलेगी, जो देश से निकलना चाहते हैं।

## पांच दिन में दूसरी बार लगे 1 करोड़ से ज्यादा टीके, वैक्सीनेशन का बना नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना वैक्सीनेशन के मामले में मंगलवार को देश ने एक और कीर्तिमान बना दिया है। एक दिन में सबसे ज्यादा वैक्सीनेशन के पिछले ही रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए मंगलवार को करीब 1.09 करोड़ लोगों ने कोरोना का टीका लगवाया। सिर्फ पांच दिन के भीतर यह दूसरी बार है, जब देश में एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने कोरोना वैक्सीनेशन कराया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के मुताबिक देर शाम तक 1,08,83,963 लोगों ने टीकाकरण करा लिया था।


देश में अब तक कोरोना की कुल 65 करोड़ डोज लग चुकी हैं। वहीं देश की 50 करोड़ की आबादी को कोरोना के टीके की पहली डोज मिल चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट करते हुए इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा, देश ने स्थापित किया नया कीर्तिमान। में सबसे ज्यादा लोगों को टीका लगाने का रिकॉर्ड बनाया। केंद्रीय मंत्री ने लिखा कि आज देश में इससे



पीएम नरेंद्र मोदी के सबको वैक्सीन, मुफ्त वैक्सीन अभियान के तहत आज 1.09 करोड़ लोगों को टीका लगाया गया। उन्होंने आगे लिखा कि देश ने अपने ही पुराने कीर्तिमान को तोड़ते हुए एक दिन ज्यादा टीके लग चुके हैं और यह संख्या बढ़ती ही जा रही है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 अगस्त को एक दिन में एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने कोरोना का टीका लगवाया था।

## व्यापम घोटालाः सीबीआई की अदालत ने 8 दोषियों को सुनाई 7 साल कैद की सजा, 2 रिहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के चर्चित पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा घोटाला केस में सीबीआई की अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। इस घोटाले को व्यापम घोटाला के नाम से भी जाना




जाता है। व्यापम पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा घोटाला 2012 मामले में कोर्ट ने 8 आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने इन सभी लोगों को 7-7 साल जेल की सजा सुनाई है। इसके अलावा इन सभी पर 10,000 रुपया का जुर्माना भी लगाया गया है। इसके अलावा अदालत ने इस मामले के 2 आरोपियों को बरी भी किया है। दरअसल सीबीआई कोर्ट में 3 उम्मीदवार, 3 सॉल्वर और 4 बिचौलियों को आरोपी बनाया गया था। इन्हीं 4 बिचौलियों में से 2 को अदालत ने बरी कर दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने राजेश धाकड़, कवींद्र, विशाल, कमलेश, ज्योतिष, नवीन समेत 8 आरोपियों को दोषी माना और इसमें से 2 को बरी कर दिया। व्यापम (व्यावसायिक परीक्षा मंडल) घोटाला 2013 में तब सामने आया था जब इंदौर पुलिस ने 2001 की पीएमटी प्रवेश से जुड़े केस में 20 नकली अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया था। साल 2013 में डॉक्टर जगदीश सागर के पकड़े जाने के बाद इस मामले की परतें खुलती चली गई थीं। आरोप लगा था कि कई लोग असली अभ्यर्थियों की जगह पर परीक्षा देने आए थे।साल 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने व्यापम केस की जांच सीबीआई को सौंपी थी। राष्ट्रीय एजेंसी ने इस मामले में 100 से ज्यादा केस दर्ज किये थे। घोटालेबाजों ने असली प्रतियोगियों और उनकी जगह परीक्षा में बैठने वाले लोगों की तस्वीरों को मिला कर ये तस्वीरें बनाई थीं। लिहाजा मोर्फ तस्वीरों से असली परीक्षार्थी और नकली परीक्षार्थी की पहचान करना एजेंसी के लिए काफी मुश्किलों भरा रहा। इस मामले में दर्ज सभी केसों की जांच पूरी हो चुकी है।

## किसानों के मुद्दों पर खट्ट्रर ने कैप्टन अमरिंदर सिंह पर साधा निशाना, पूछे सवाल

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पंजाब की कांग्रेस सरकार पर किसानों के बीच अशांति को बढ़ावा देने का आरोप लगाने के बाद अपने राज्य में



किसानों के लिए उठाए गए कदमों को गिनाया और पूछा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह ने उनकी तुलना में क्या काम किया है? खट्टर ने किसानों के कल्याण के लिए उनकी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए आठ ट्वीट किए और पूछा कि किसान विरोधी कौन है कैप्टन अमरिन्दर जी? पंजाब या हरियाणा? खट्टर ने पंजाब के मुख्यमंत्री से एक ट्वीट में पूछा कि प्रिय अमरिंदर जी, हरियाणा एमएसपी पर 10 फसलों की खरीद करता है- धान, गेहूं, सरसों, बाजरा, चना, मूंग, मक्का, मूंगफली, सूरजमुखी, कपास और एमएसपी का भुगतान सीधे किसान के खाते में करता है।

## लखनऊ में बोले राजनाथ सिंह, 'अपराधियों के लिए खौफ हैं योगी आदित्यनाथ'



**लखनऊ (एजेंसी)।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ के समग्र विकास के लिए नौ विभागों की 1710 करोड़ रुपये की 180 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसमें 90 परियोजनाओं का लोकार्पण और 90 का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर रक्षामंत्री ने कहा कि अपराधियों के लिए योगी आदित्यनाथ खौफ का दूसरा नाम हैं। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि परमात्मा ने दो अक्षरों के नाम वाली 'मोदी-योगी' की जोड़ी बनाई है। उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने विकास का चक्का जितनी तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, कम है। ये सब देखते हुए विरोधियों के मुंह से आवाज नहीं निकलेगी। चौक स्थित ज्योतिबा फुले मल्टीलेवल पार्किंग-पार्क में आयोजित कार्यक्रम में रक्षामंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य लखनऊ को नंबर एक शहर बनाना है। मेरे सभी प्रयास उसी के लिए समर्पित हैं। योगी आदित्यनाथ यूपी के सीएम नहीं होते तो मैं लखनऊ में इतना काम नहीं कर पाता। हमने तय किया है कि ब्रह्मोस मिसाइल लखनऊ में बनाई जाएगी। सीएम ने अनुमान लगाया है कि इससे पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। लखनऊ में हर घर में पीएनजी गैस उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज देश में 90 फीसदी से ज्यादा ऐसे परिवार हैं, जो सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

रक्षामंत्री ने कहा कि 18वीं सदी में जब लखनऊ की विक्टोरिया स्ट्रीट बनी थी, तब यह अपने समय की सबसे चौड़ी सड़क थी। तब लोगों ने इसे फिजूलखर्ची तक कहा था, आज इसका हाल बदहाल है, लेकिन अब जबकि यहां ओवरब्रिज बन गया है तो राजधानी के 50 लाख लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा होगी। उन्होंने निर्माणाधीन आउटर रिंगरोड की चर्चा करते हुए बताया कि आठ लेन वाली यह सड़क अक्टूबर 2022 तक लोकार्पित होगी। उन्होंने आउटर रिंग रोड के निर्माणकार्य की धीमी गति को लेकर अफसोस जताया। उन्होंने मुख्यमंत्री से तेवर दिखाने की अपील की। उन्होंने कहा कि 104 किलोमीटर लंबी आउटर रिंग रोड छह हजार करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट है।

## योगी सरकार ने दी राहतः घर बनवाना होगा आसान, ऑनलाइन नक्शा अब 30 नहीं 15 दिनों में होगा पास

**लखनऊ (एजेंसी)।** राज्य सरकार ने घर बनाने के लिए नक्शा पास करने की समय-सीमा और कम कर दी है। ऑनलाइन नक्शा अब 30 दिन के स्थान पर 15 दिन में ही पास हो जाएगा। प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। ऑनलाइन नक्शा सवीकृत करने की समय सीमा 30 कार्य दिवस में करने की व्यवस्था 20 जून 2019 को लागू की गई थी। बिल्डिंग रिफार्म अप्रूवल प्लान (बीआरएपी-2020) के आधार पर इसमें संशोधन करते हुए इसे 15 दिन कर दिया गया है। इसके मुताबिक ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (ओबीपीएएस) पर ऑनलाइन नक्शा जमा होने के बाद पास करने तक के लिए समय सीमा में संशोधन किया गया है।अवर अभियंता को अब तीन दिन में नक्शा संस्तुति करके भेजना होगा। अभी तक वह 15 दिन में इसे संस्तुति करता था। सहायक नगर नियोजक, सहायक अभियंता एक दिन में इसे अग्रसारित करेगा। नगर नियोजक, अधिशासी अभियंता भी एक दिन में ही अग्रसारित करेगा। मुख्य नगर नियोजक दो दिन में, सचिव, अपर सचिव अधिकतम तीन दिन में नक्शा अग्रसारित करेगा।

## पाकिस्तान ने 2 भारतीय नागरिक को किया रिहा, 8 साल से कर रखा था कैद

**लोहर (एजेंसी)।** पाकिस्तान की एक जेल में करीब आठ साल से बंद दो भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान ने सोमवार को वाघा बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हवाले कर दिया। इन दोनों को ''गैरकानूनी तरीके'' से सीमा पार करने के आरोप में पकड़ा गया था। एक सरकारी अधिकारी ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया कि 2013 में भारतीय मूल के शर्मा राजपूत और राम बहादुर कश्मीर में नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तानी क्षेत्र में दाखिल हो गए थे। इसके बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद, जांच में पाया गया कि वे मानसिक रूप से अक्षम हैं और गलती से उन्होंने सीमा पार कर ली थी।

अधिकारी ने कहा, ''उनकी तस्वीरें और अन्य सामान भारत के साथ साझा किया गया और भारत के उन्हें अपना नागरिक स्वीकार करने के बाद पाक सैनिकों



ने सोमवार को उन्हें बीएसएफ के हवाले कर दिया।'' वहीं, करीब एक साल पहले कथित ''जासूसी और गैरकानूनी तरीके'' से सीमा पार करने के आरोप में पाकिस्तानी अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए गए 19 भारतीय नागरिकों के खिलाफ मामला अब भी संघीय समीक्षा बोर्ड के समक्ष लंबित है। पुलिस और सैनिकों ने देश के सुरक्षा अधिनियम और गोपनीय सेवा अधिनियम के तहत 19 भारतीयों को देश के विभिन्न हिस्सों से गिरफ्तार किया था। ये सभी अलग-अलग जेलों में बंद हैं।

अधिकारियों ने बताया कि उन्हें संघीय समीक्षा बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जिसमें सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश शामिल थे। संघीय आंतरिक मंत्रालय ने अपने आरोप प्रस्तुत किए और बोर्ड ने उनकी नजरबंदी तब तक के लिए बढ़ा दी, जब तक कि उनके मामलों पर निर्णय आंतरिक मंत्रालय की जांच रिपोर्ट के आधार पर नहीं किया जाता है कि उन्हें मुकदमे का सामना करना चाहिए या उन्हें छोड़ दिया जाना चाहिए।

## टूटी आसाराम की आशा, आयुर्वेदिक इलाज के लिए सुप्रीम कोर्ट का जमानत देने से इनकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम बापू की याचिका खारिज कर दी है। आसाराम ने दो महीने के लिए अंतरिम बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाई थी। इस दौरान वह उत्तराखंड स्थित आयुर्वेद सेंटर में अपना इलाज कराना चाहता था। इस मामले की सुनवाई जस्टिस इंदिरा बनर्जी, वी रामासुब्रमण्यम और बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने की। गौरतलब है कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में आसाराम बापू जोधपुर सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

याचिका खारिज करते हुए जस्टिस इंदिरा बनर्जी ने कहा कि आपने जो किया है वह कोई साधारण जुर्म नहीं है। ऐसे हालात में आपकी अर्जी स्वीकार नहीं की जा सकती। आपको जेल में ही आयुर्वेदिक इलाज मिल जाएगा।

## फारूक अब्दुल्ला को है पंचायत चुनाव नहीं लड़ने का अफसोस, बोले- आतंकी नेताओं को बना रहे निशाना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने माना है कि पंचायत चुनाव नहीं लड़कर उनकी पार्टी ने गलती की है। मंगलवार को संसदीय राज संस्थानों को मजबूत करने के लिए श्रीनगर में आयोजित संसदीय संपर्क कार्यक्रम में फारूक अब्दुल्ला मौजूद थे। इसी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख ने कहा कि 'मुझे अफसोस है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू और कश्मीर के पंचायत चुनाव में हिस्सा नहीं लिया है। पार्टी को इस चुनाव में शामिल होने चाहिए था।' एनसी प्रमुख ने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर में जल्द ही एक सरकार सत्ता में आएगी और इसके बाद जनता के प्रति अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। यहां आपको बता दें कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने साल 2018 में जम्मू कश्मीर में हुए पंचायत चुनाव का बहिष्कार किया था। जम्मू कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा वापस लिए जाने के बाद साल 2019 में खंड विकास



परिषद् के चुनाव का भी पार्टी ने बहिष्कार किया था। फारूक अब्दुल्ला ने इस कार्यक्रम में आतंकवाद के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि 'हम अभी भी आतंकवाद झेल रहे हैं, भगवान ही जानते हैं कि भविष्य में क्या होगा। इसलिए सबसे जरुरी है कि हम पंचायत सदस्यों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दें। पंचायत सदस्य आतंकवादियों के पहले टारगेट होते हैं।'

फारूक अब्दुल्ला ने आगे कहा कि 'हम राजनेता आतंकवादियों के निशाने पर होते हैं। जो भी राष्ट्र के साथ खड़ा है उसे ऐसे हालात का सामना करना पड़ता है। भारत विभिन्नताओं से भरा देश है। तो फिर आखिर वो कौन सी चीज है जो हमें एक बनाकर रखती है? यह हमारी इच्छाशक्ति है जो विभिन्नताओं के बावजूद हमें एक बनाए रखती है। हमें अपनी विभिन्नताओं को बचाने की जरुरत है।'इस कार्यक्रम में यहां के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी मौजूद थे। फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर के सरकारी अधिकारियों

## लड़का-लड़की अलग-अलग स्कूल में पढ़ें...दारुल उलूम ने मौलाना अरशद मदनी के बयान का किया समर्थन

**सहारनपुर देवबंद (एजेंसी)।** जमीयत उलेमा ए हिंद राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी के लड़का-लड़की के लिए अलग-अलग स्कूल के बयान का दारुल उलूम के मोहतमिम ने समर्थन किया है। दारुल उलूम के मोहतमिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी ने कहा कि को-एजुकेशन को लेकर जमीयत अध्यक्ष ने जो बयान दिया है, वह उसका समर्थन करते हैं। बता दें कि वर्ष 2007 में दारुल उलूम के फतवा विभाग ने को-एजुकेशन को लेकर फतवा जारी किया था। जो उस समय में भी चर्चा का विषय बना था। 14 साल बीत जाने के बाद भी दारुल उलूम अपने फतवे पर कायम है।

## खबर संक्षेप

### विकास खंड कार्यालय जसरा की बिजली कटी

**जसरा।** विकास खंड जसरा कार्यालय के बिजली का बिल जमा न होने के कारण बिजली विभाग की ओर से बिजली काट दी गई। जिससे अधिकारी/कर्मचारी उमस भरी गर्मी से परेशान हैं। विकास खंड कार्यालय जसरा में बिजली का बिल मार्च 21 तक का जमा होने के बाद माह अप्रैल से अगस्त तक का लगभग 57000 हजार रुपए का बिल बकाया होने के कारण जसरा ब्लॉक की बिजली अधिकारियों द्वारा सोमवार को ब्लाक की बिजली काट दी गई। इस उमस भरी गर्मी में बिजली का कनेक्शन कट जाने के कारण ब्लॉक में आने जाने वाले लोगों के अलावा अधिकारी/कर्मचारी खासा परेशान रहे। जब कि इस बावत खंड विकास अधिकारी जसरा अमित मिश्रा ने बताया कि ब्लॉक का लगभग सत्तावन हजार रूपए बिजली का बिल आनलाइन बुधवार को जमा हो जायेगा। इसके लिए बड़े बाबू को लगाया गया है। जल्द ही बिजली व्यवस्था बहाल हो जाएगी। जिससे कर्मचारियों को गर्मी से निजात मिलेगी।

# मृतक भैंस को दफनाने को लेकर दो पक्ष भिड़े ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



प्रदर्शन करते ग्रामीण महिलाएं व पुरुष।

**अखंड भारत संदेश**

**उतराव।** उतरांव थाना क्षेत्र के भूषण्ड मदारीपुर गांव में भैंस को दफनाने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए वहीं सूचना पर 112 नंबर पुलिस पहुंची।भूषण्ड मदारीपुर थाना उतराव निवासी अजय मौर्या जिनकी भैंस की आकस्मिक मंगलवार सुबह मौत हो गई थी। वही पशुपालक द्वारा गांव स्थित शमशान के नाम से दर्ज जमीन पर खुदाई कर भैंस को दफनाना चाहा तो गांव के ही दबंगों द्वारा दफनाने का विरोध करते हुए आपसी कहासुनी कर लिए। वहीं सूचना पर 112 नंबर पुलिस भी मौके पर पहुंची। फिर हाल दबंगों द्वारा भैंस को न दफनाने देने पर ग्रामीण लामबंद हो गए। गांव के उदय राज,अक्षववर लाल,राजेंद्र प्रसाद,निर्मला देवी,उर्मिला देवी, नंदलाल,बिजली,शिवा देवी,मंजू, मुकुंद लाल,उषा देवी,सुरेश कुमार, रामचंद्र सुभाष बसंत लाल रमेश,सुशीला,राजितराम समेत ग्रामीणों ने दबंगों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया।ग्रामीणों ने बताया कि शमशान के नाम से जमीन दर्ज है जिस पर दबंगों का कब्जा है।जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार उप जिलाधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को लिखित प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। वही पशुपालक को मृतक भैंस का शव दफन न करने देने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## ज्वेलर्स की दुकान सें चोरी कर भाग रहीं दोनों महिलाओं से माल हुआ बरामद

**जसरा।** जसरा रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक ज्वैलरी की दुकान से ग्राहक बनकर पहुंची तीन महिलाओं ने पचास हजार रुपए का सामान पार कर दिया था। जिसमें दो महिलाओं को पुलिस ने मौके से हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने महिलाओं के पास से चोरी किए हुए सोने व चांदी का सामान बरामद कर लिया तथा दोनों महिला अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। सोमवार की दोपहर में जसरा के रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित अनारकली आनार्मेंट के संचालक राजेश जयसवाल की दुकान पर तीन महिलाएं ग्राहक बनकर पहुंची तथा देर तक सोने व चांदी के सामान को निकलवा कर देखती रही। इसी बीच मौका पाकर तीनों महिलाओं ने पचास हजार रुपये के सोने व चांदी का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों महिलाओं को हिरासत में लेकर जब कर्रा किया तो चोरी का माल बरामद हो गया। पकड़ी गई दोनों महिला अभियुक्ता बबली पत्नी रामलोचन निवासिनी ग्राम शिवली थाना मऊ जनपद चित्रकूट उम्र 23 वर्ष तथा डबली पत्नी शिव मोहन निवासिनी मकड़ी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट उम्र 21 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धारा में पंजीकृत कर मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से दो जोड़ी चांदी की पायल तथा एक जोड़ी सोने का टप्स बरामद किया है।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेसियों पूरेरुदई गाँव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का मनाया जन्मदिन



**प्रतापपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू का जन्म दिन कांग्रेसियों द्वारा मनाया गया। यह कार्यक्रम पूरेरुदई ग्राम में मनाया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय तिवारी, गंगापार के जिलाध्यक्ष सुरेश चंद यादव, मधुसूदन पांडेय, राकेश पटेल, मनोज पासी, आदर्श प्रजापति, कमलेश पांडेय ब्लॉक अध्यक्ष, सोनू दुबे, गौरव त्रिपाठी सोशल मीडिया प्रभारी राजेश भारतीय आदि उपस्थित थे।

### तहसीलदार कोरांव डा. विशाल शर्मा को मिला बारा का अतिरिक्त प्रभार



**शंकरगढ।** जनपद के दक्षिणांचल में स्थित कोरांव तहसील में पदस्थ तहसीलदार डा. विशाल शर्मा को बारा तहसील का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। तहसीलदार डा. विशाल शर्मा के फिर से बारा में पहुंचने से क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल है। बीते कार्यकाल में डा. शर्मा ने अपनी कार्यशैली से कई समस्याओं का निपटारा किया था, जिसमें गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वालों को आवास मुहैया कराना प्रमुख था। इसके अलावा कोरोना काल में भी उन्होंने बढ़-चढकर लोगों की मदद की थी। गौरतलब है कि तहसीलदार बारा डा. विशाल शर्मा कुछ समय पहले तक यमुनापार की ही मेजा तहसील में तैनात थे। हाल ही में उन्हे मेजा से कोरांव भेजा गया था।डॉ शर्मा ने बताया कि मंगलवार को इन्होंने बारा में अतिरिक्त पद ग्रहण किया।


### ठकुराई गुट के अध्यछ बने अचलेन्द्र जायसवाल



**जसरा।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षक संघ ठकुराई गुट के गठन पर विचार विमर्श किया गया। मंगलवार को श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा में शिक्षक संघ ठकुराई गुट का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें विद्यालय के शिक्षक अचलेन्द्र जायसवाल को अध्यक्ष, नरेन्द्र कुमार को महामंत्री,देवेन्द्र नाथ शुक्ल को कोषाध्यक्ष व कृष्ण चन्द्र को आय ब्यय निरीक्षक मनोनीत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक सुनील साहू,कुलभूषण मिश्र, रामलखन प्रजापति,चन्द्रशेखर, रंगलाल यादव,विकास केसरी, कुसुम शुक्ला, डा०सविता सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे। उत्त आशय की जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य डा०योगेन्द्र सिंह ने दी है।

# मंदिरो में धूम-धाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव



पुलिस चौकी परिसर को आकर्षक लाइट से सजाया गया एवं आकर्षक बाल गोपाल की झांकी

**जारी।** सुबह से जुटे श्री कृष्ण महोत्सव की तैयारियों में भक्तों ने जारी के प्राचीन बड़े हनुमान जी के मंदिर परिसर में महंत बाबा बालक दास ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी परंपरागत मंदिर को अलौकिक साजो सज्जा के साथ मंदिर को पूरी तरह फूल मालाओं और रंग-बिरंगे रोशनी से पूरे मंदिर प्रांगण को सजाया गया और देर रात्रि 12:00 बजे नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जय घोष के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव को मनाया कीर्तन भजन और आरती की गई ।और भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

इसी तरह सुबह से जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर जारी चौकी प्रभारी निखिलेश कुमार तिवारी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर परिसर को लाइटिंग से सजाकर सुंदर बनाई चौकी और आपको बता दे कि जारी चौकी मे जन्म उत्सव को लेकर सांस्कृतिक जागरण कृष्ण लीलाओं का मंचन की झांकियों को दिखाया गया ।कार्यक्रम का आयोजन देर रात्रि तक चला इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में राधा कृष्ण के भेष में कलाकारों द्वारा मंचन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्या महिलाएं क्या बच्चे सभी लोगों ने भक्ति गानों में खूब थिरके और मंदिर परिसर में खूब लुफ्त उठाएं जैसे ही 12:00 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म हुआ वैसे ही जारी चौकी प्रभारी निखिलेश तिवारी ने अपने समस्त स्टाफ के साथ भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव में शामिल होकर पूजा अर्चना की और सभी जनों को प्रसाद वितरण कराएं ।उन्होंने कहा कि हमारे चौकी के समस्त स्टाफ व गणमान्य लोगों द्वारा यह आयोजन हम सब मिलकर संपन्न कर पाए ।और छठी के दिन भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा । मंदिर को बड़े ही साजो, सज्जा के साथ और बड़े ही धूमधाम से श्री कृष्ण जन्म उत्सव मनाया गया और सुबह बाजार वासियों को पैकेट में प्रसाद भी वितरण किया गया। इसी तरह कोटेदार मंजू देवी अलौकिक गुब्बारों की सजावट कर रखी थी और लड्डू नंद गोपाल के जन्म के बाद देर रात्रि भोग लगा कर भक्तों को प्रसाद वितरण किया ।

## नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

**जंघई।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई मंदिरों, घरों, संस्थानों, दुकानों एवं पुलिस चौकी जंघई में जनमाष्टमी के अवसर पर भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय रहा। रात 12 बजे रोहिणी नक्षत्र में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो पूरा क्षेत्र नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की, भजन से गूंज उंठा । हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर जंघई, पुलिस चौकी जंघई, चौका, नेदुला, रस्तीपुर, सोरों, खखैचा, चंपापुर, चनेथू जंघई बाजार एवं गांव-गांव में झांकी सजा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। इस दौरान रंग-बिरंगी बिजली के झालरों व साड़ियों से सजी झांकी जहां आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं राधा-कृष्ण के रूप में सजे छोटे बच्चों की झांकी लोगों की मनमोहती रही। इस दौरान महिलाएं और कलाकार भजन कीर्तन में मशगूल रहें। जैसी ही रात 12 बजे तो श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। इसी के साथ महिलाएं सोहर, बधाइयाँ गाने लगी। फिर महाआरती के बाद गोपाल को पंचामृत से अभिषेक कर पंजीरी आदि का भोग लगाया गया।विभिन्न पूजा स्थलों पर समाजसेवी कैप्टन करन सिंह, चौकी इंचार्ज जंघई अजीत उपाध्याय, कांस्टेबल छोटेलाल गुप्त, अमित यादव, एडवोकेट कुशलेश दुबे, अभिषेक यादव, मुन्ना सिंह, जिम्मी जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, गोलू जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जन्मोत्सव पर बेटियों ने ग्रामीणों को सामाजिक विषयों पर किया जागरूक




कृष्ण जन्माष्टमी पर सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करती छात्राएं

**घूरपुर।** कृष्ण जन्माष्टमी धूमाधाम से मनाने के साथ ही एक गांव में कुछ छात्राओं ने जन्माष्टमी पंडाल में कृष्ण कथा के साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति आदि के प्रति लोगो को जागरूक करने का कार्य भी किया । सोमवार को क्षेत्र के मनकवार, सेमरा, चितौरी, बादलगंज समेत अधिकांश गावों में देर रात भजन कीर्तन के साथ श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की धूम रही साथ रात्रि भोजन एवम प्रसाद वितरण का भी अनेकों स्थान पर आयोजन किया गया था। कई स्थानों पर जागरण के माध्यम से भी भक्तों नें भगवान की माहिमा सुनते नजर आये। इसी क्रम में चाका ब्लाक मुख्यालय से महज कुछ किलोमीटर स्थित ददरी गाँव में जन्माष्टमी की चर्चा पूरे क्षेत्र में रही। और यहाँ जन्माष्टमी का आयोजन पूरे क्षेत्र में कौतूहल का विषय रहा। उक्त स्थान पर प्रभु श्री कृष्ण की कथा के साथ ही बेटी बचाओं -बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, रक्तदान आदि प्रमुख विषयों पर स्नातक की छात्रायें आरती एवम अनामिका पटेल के द्वारा जागरूक करने का कार्य किया गया। जिसको स्थानीय लोगो नें काफी सराहा। उक्त अवसर पर ग्रामीणों सहित आयोजक मंडल के सदस्य संदीप पटेल, प्रदीप पटेल, चंद्र प्रकाश पटेल, सत्यप्रकाश पटेल, आर्यन पटेल, हिमांशु पटेल, सुरेश पटेल, रंजीत सिंह, रामलगन सिंह पटेल उपस्थित रहें।


## कार्यालय ग्राम पंचायत खजुरी करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत खजुरी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 6–08–2021 से दिनांक 12–08–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत खजुरी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 12–08–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 12–08–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | काली रोड से दरोगा के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | (3.65) | 3 माह |
| 2. | नचकू के जमीन से मिथिलेश के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण | (3.70) | 3 माह |
| 3. | प्रा0 पा0 प्रथम में टाइल्स कार्य | (1.80) | 3 माह |
| 4. | प्रा0 पा0 द्वितीय में टाइल्स कार्य | (1.85) | 3 माह |

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/दिनांक

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत खजुरी
करछना प्रयागराज।



## कार्यालय ग्राम पंचायत चनैनी करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत चनैनी विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 6–08–2021 से दिनांक 12–08–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत चनैनी में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 12–08–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 12–08–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | राजू के घर से मोनू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | (3.70) | 3 माह |
| 2. | इजहार के घर से मुन्ना के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | (3.68) | 3 माह |
| 3. | मोनू के घर से राजू के घर तक पक्की नाली निर्माण | (2.00) | 3 माह |
| 4. | मुन्ना के घर से इजहार के घर तक पक्की नाली निर्माण | (2.00) | 3 माह |

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/दिनांक

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चनैनी
करछना प्रयागराज।


# गोल्डन अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय

**अखंड भारत संदेश**



**मेरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित है : आकांक्षा**

**प्रयागराज।** विगत दिनों दिल्ली के पांच सितारा होटल में आल इण्डिया अचीवर्स कॉन्फ्रेंस ग्रुप द्वारा आयोजित 94 वा अवार्ड शो में वालीवुड की जानी-मानी हस्तियों की मौजूदगी के बीच प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को गोल्डन अचीवर्स अवार्ड* से सम्मानित किया गया। वालीवुड के एक्टर रजा मुराद, अवतार गिल, राकेश बेदी, राजेश पूरी के साथ ग्रुप के संस्थापक व निदेशक अभिषेक बच्चन , दिल्ली के विधायक विजय जाली द्वारा प्रयागराज की आकांक्षा पाण्डेय को आध्यात्मिक कार्यो द्वारा लोगो के जीवन मे बदलाव लाने के लिए ₹गोल्डन अचीवर्स अवार्ड₹ दिया गया। आकांक्षा एक सर्टिफाइड टैरो रीडर, रेकी हीलर, क्रिस्टल हीलर, एंजेल हीलर, आध्यत्मिक मार्गदर्शक, और लाइफ कोच काउंसलर है। आकांक्षा को मन्नत इंटरटेनमेंट दिल्ली 99 टीवी की तरफ से *बेस्ट टैरो रीडर और बेस्ट हीलर* का अवार्ड भी मिल चुका है । दिल्ली की *मन्नत दी फैशन* मैग्जीन ने आकांक्षा की जीवन यात्रा प्रकाशित किया है जिसके संस्थापक निदेशक लोकेश साजिद है। शेड्स आफ इंडिया* मैग्जीन में भी आकांक्षा का आर्टिकल आने वाला है जिसकी संस्थापिका सविता अरोरा है। दिल्ली में सम्मानित होने के बाद आज प्रयागराज लौटी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया कि जो लोग अपने जीवन से बहुत परेशान थे या फिर अपने आप को हारा हुआ महसूस करते थे उनको आकांक्षा ने टैरो गाइडेन्स और हीलिंग ऊर्जा द्वारा नया जीवन दिया । आकांक्षा ने हीलिंग ऊर्जा द्वारा ऐसे कई लोगो को बचाया जो कोविड महामारी के शिकार हो गए थे । आकांक्षा के इंस्टाग्राम पर 20ङ फालोवर्स है जहाँ लोग अपना फीडबैक शेयर करते है । आकांक्षा ने बताया कि उनका जीवन मानव सेवा के लिये समर्पित है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत लखरावा करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत लखरावा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 6–08–2021 से दिनांक 12–08–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत लखरावा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 12–08–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 12–08–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से पिन्टू के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | (3.60) | 60 दिन |
| 2. | काली रोड से सामुदायिक शौचायलय निर्माण तक इंटरलाकिंग निर्माण | (3.68) | 60 दिन |
| 3. | श्याम लाल के घर के पास पक्की नाली निर्माण कार्य | (1.80) | 70 दिन |
| 4. | कहार बस्ती से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य | (1.75) | 70 दिन |

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत सचिव/ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/दिनांक

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत लखरावा
करछना प्रयागराज।

## खबर संक्षेप

### करछना में 120 गरीबों को बुधवार को मिलेगी आवास की चाबी : प्रमुख

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों में गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास की चाबी बुधवार को ब्लाक मुख्यालय पर दी जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप प्रयागराज की सांसद डाक्टर रीता बहुगुणा जोशी व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख करछना सरोज द्विवेदी, प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी एवं एसडीएम करछना विनोद कुमार पाण्डेय होंगे । प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षा योजना के अंतर्गत करछना ब्लाक के अंतर्गत गरीबों के 120, आवास बन कर बिभिंन गांवो में तैयार हो गयें है। कमलेश द्विवेदी ने जानकारी दी कि बुधवार को ब्लाक मुख्यालय करछना मे सुबह 11 बजे एक शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी आवास आवंटन के लाभार्थियों को उनको आवास का मालिकाना हक दिलाते हुए उन्हे आवास की चाबी सुपुर्द की जायेगी । एडीओ पंचायत करछना विवेक कुमार मिश्रा ने शिविर शामिल रहने की अपील की है ।

### ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल रस्तीपुर में प्रवेश प्रारंभ


**जंघई।** प्रतापपुर क्षेत्र के रस्तीपुर गाँव में स्थित ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई पैटर्न से कक्षा एलकेजी से कक्षा 8 तक प्रवेश प्रारंभ है।प्रबंधक सतीश पांडेय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में उच्च कोटि की शिक्षा देने हेतु अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय खोला गया है ताकि गाँव के बच्चे योग्य शिक्षकों द्वारा व्यवस्थित संसाधन के बीच शिक्षा ग्रहण कर सकें।

# नैनी में रिटायर्ड किला कर्मी की गोली मारकर हत्या

## जन्माष्टमी की रात पटाखों व डीजे की गूंज में दब गई गोली की आवाज, सुबह बिस्तर पर खून से लथपथ मिला शव

अखंड भारत संदेश





हत्या के बाद मृतक के घर लगी लोगों की भीड़ तथा सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने किया जांच पड़ताल

**नैनी।** नैनी कोतवाली से महज कुछ दूरी पर स्थित काजीपुर मोहल्ले में सोमवार रात रिटायर्ड किला कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई और पुलिस को कानों कान तक खबर नहीं लग पाई। हत्या के बाद भारी हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं तहरीर मिलने पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ कोतवाली में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर मोहल्ले के रहने वाले बनारसी लाल (63) लगभग तीन वर्ष पूर्व 508 किला से रिटायर्ड हुए थे। उनका इकलौता पुत्र दीपक कुमार मीरजापुर जिले में निजी महाविद्यालय में कार्यरत है। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर उनका पुत्र इन दिनों घर पर आया हुआ है। जबकि इसी मकान में बनारसी लाल के भाई रोशन लाल धर्मा लाल के भी परिवार रहते हैं। सोमवार को श्री कृष्णा जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर उनके घर के नीचे कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जबकि बनारसी लाल ऊपरी दूसरी मंजिल कमरे में सो रहे थे। अगले दिन मंगलवार उनका पुत्र जगाने के लिए पहुंचे तो बिस्तर में वह खून से लथपथ मृतक पड़े हुए थे। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सोमवार देर रात 12:00 बजे के बाद हत्यारों की गोली की आवाज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम, पटाखों और डीजे की गूंज में दब गई। यही वजह रही कि गोली की आवाज कोई नहीं सुन पाया और हत्यारों ने बड़ी आसानी से वारदात को अंजाम देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की, लेकिन हत्या का कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। हत्या क्यों और किसने की, यह पुलिस के लिए बड़ा सवाल है। वहीं घटित वारदात की जानकारी मिलने पर एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद मातहतों से जानकारी ली। हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए।

### घर के नीचे मनाई जा रही थी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**नैनी।** मृतक बनारसी लाल के घर के नीचे सोमवार रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जा रही थी। तेज आवाज में डीजे बज रहा था। जैसे ही रात के 12 बजे और कान्हा का जन्म हुआ। तब पटाखे फोड़े जाने लगे। इसी बीच सोते समय किसी ने बनारसी लाल की गोली मारकर हत्या कर दी। पटाखों की गूंज में गोली की आवाज दब कर रह गई। किसी को पता ही नहीं चला कि बनारसी लाल की हत्या हो गई है। परिजन यही समझ रहे थे कि वह ऊपर अपने कमरे में सो रहे हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। इसके बाद सभी परिजन सोने चले गए।

### बिस्तर पर मृत पड़े मिले बनारसी लाल



मृतक की फाइल फोटो

**नैनी।** देर रात तक जन्माष्मी का महोत्सव मनाने के बाद परिजन सो गए। मंगलवार सुबह जब बनारसी लाल सोकर नहीं उठे तो उनका बेटा जगाने गया। जब वह आवाज देने पर भी नहीं जगे तो नजदीक जाकर देखा। उनका शरीर खून से सना हुआ था। वह चीखने और रोने लगा। इतने में सभी परिजन वहां पहुंच गए तो सभी ने देखा कि बनारसी लाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। वहीं मृतक पुत्र की तहरीर मिलने पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ नैनी कोतवाली में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है। साथ ही हत्यारों को पकड़ने के लिए आला अफसरों के निर्देश पर एसओजी यमुनापार सहित दो अन्य गठित पुलिस टीम को भी लगाया गया है।

### शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

**नैनी।** रिटायर्ड किला कर्मी की बीती रात गोली मारकर हत्यारों ने मौत के घाट उतार दिए। मंगलवार शाम को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही मृतक का शव उसके घर पर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि किसी अप्रिय वारदात से निपटने के लिए पुलिस की टीम चप्पे-चप्पे पर मौजूद थी। पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार देवरख घाट पर किया गया।

# प्रधान डीहा के साथ समाज सेवियों ने गांव के विकास में लगाया जोर

डीहा गाँव के विकास में समाज सेवियों ने लगाया जोर

अखंड भारत संदेश





डीहा गांव में समाजसेवियों व प्रधान ने विकास करने का लगाया जोर

**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायतों में धीरे-धीरे विकास का कार्य तेजी पकड़ने लगा है, और कार्य होते देख ग्रामीण नव निर्वाचित प्रधानो से उम्मीद की आशा जता रहे हैं कि अब उनके गांव में अधूरा पडा वर्षो पूर्व कार्य अब अवश्य पूर्ण हो जायेंगे ।इसी क्रम में विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत डीहा में देखने को मिला कि वहां पर गंगा तट घाट के किनारे बसे लोग बाढ से अक्सर प्रभावित होते देख, समाज सेवियों मे दूध नाथ यादव, जिला पंचायत सदस्य एवं समाज सेवी डाक्टर विजय बाबू यादव उर्फ पप्पू ,समाज सेवी जितेन्द्र नारायण शुक्ला, ने प्रधान प्रेमचन्द आदिवासी सग मिल कर जटिल समस्या को गंभीरता से लेते हुए गंगा कटान रोकने के लिए 150 से अधिक मनरेगा मजदूरों को रोजगार देकर उनसे बंधा बधवाकर गंगा तटीय उपजाऊ भूमि को सुरक्षित बचाने के लिए कार्य तेजी से कराया जा रहा है, इसके अलावा स्कूल की वर्षो पूर्व अधूरी बाउंड्री बाल का कार्य कराया जा रहा है, साथ ही एक महीने में प्रधान मंत्री की सबसे महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन शौचालय निर्माण का कार्य बहुत तेजी से कराया जा रहा है । इसके अलावा सड़क, नाली, इंटर लॉकिग, मरम्मत आदि कार्य तेजी से कराया जा रहा है जिसको देखकर ग्रामीणो ने प्रधान के साथ समाज सेवियों के कार्य से लोग उत्साहित हैं ।

### तमंचा सटाकर व्यवसाई से नकदी समेत आभूषण लूटकर बदमाश फरार

मामा भांजा से सीओडी गेट के बीच गेस्टहाउस के पास बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मामा भांजा से सीओडी गेट के बीच स्थित एक गेस्ट हाउस के पास सोमवार देर शाम नैनी के एडीए कॉलोनी के रहने वाले आभूषण व्यापारी योगेश कुमार से बाइक सवार बदमाशों ने तमंचे की नोक लूट की वारदात को अंजाम दे डाला। विरोध पर फायरिंग करने के साथ ही तमंचे से पिटाई भी की। पीड़ित आभूषण व्यापारी सोमवार शाम मामा भांजा तालाब बाजार स्थित दुकान बंदकर अपनी मोटर साइकिल से वापस लौट रहे थे। जैसे ही मामा भांजा से सीओडी रोड के बीच स्थित एक गेस्ट हाउस के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से बाइक पर आए दो बदमाशों ने उन्हे रोककर रूपए और जेवरात से भरे बैग को लूट लिए। मामले में इंस्पेक्टर नैनी सुजीत दुबे ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे चेक कराए गए, लेकिन बाइक सवार बदमाश नही दिखाई दिए। पीड़ित ने घटना के एक घंटे के बाद पुलिस को सूचना दी, जबकि पुलिस चौकी बगल मे है। मामले की जांच की जा रही है।

# करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत



करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के आरा कला गांव में करंट की चपेट में आने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरा कला थाना निवासी संजय गुप्ता जो मुंबई में रहकर काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार को 9:30 बजे के लगभग संजय का बेटा रोहित गुप्ता उम्र 12 वर्ष जो जनरेटर में करंट उतरा था उसमें एक चिड़िया फस गई थी उसको निकालने गया तो करंट की चपेट में आ गया। वही करंट की चपेट में आने से रोहित गुप्ता की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर पर पूरे घर में कोहराम मच गया। सूचना पर थानाध्यक्ष उतराव प्रवीण कुमार सिंह मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मृतक रोहित दो भाई एक बहन में सबसे छोटा था।वह अपने मां बाप का बहुत दुलारा था। वही रोहित की मौत से मां सुनीता देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार

**सहसों।** सहसों बाजार समेत क्षेत्र के आसपास के दर्जनों गांव में रात्रि के 12 बजे भगवान के जन्म लेते ही राधे कृष्ण व हरे कृष्ण की गूंज चारों तरफ सुनाई देने लगी। सहसों के राम जानकी मंदिर, प्राचीन हनुमान मंदिर में बच्चों द्वारा भव्य सजावट की गई थी। पुलिस चौकी सहसों परिसर स्थित शिवालय में भी पुलिसकर्मियों द्वारा भरपूर सजावट की गई। जन्माष्टमी के मौके पर भक्तों ने पूजा पाठ कर मध्यरात्रि में 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही मंदिरों में घंटे घड़ियाल बजने लगे, शंखनाद और भगवान के जयकारों से क्षेत्र गुंजायमान हो गया। और भक्तों को प्रसाद वितरित कर त्यौहार को धूमधाम से मनाया गया। इसी प्रकार क्षेत्र के रामनगर, बसमहुआ, कसेरूआ कला, सिंगरामऊ, चकिया घरहरा, बभनकुइंया, भोपतपुर, देवनहरी के मंदिर में बच्चों द्वारा झांकियां सजाकर जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया। बड़े बुजुर्गों ने बताया कि यह त्यौहार भगवान श्री कृष्ण के जन्म लेने के साथ ही बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक भी है।

# बीएड टीईटी-2011 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने लखनऊ के महा आंदोलन में शामिल होने की बनाई रणनीति

सरकार द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने के साथ ही 07-12- 12 विज्ञापन पर भर्ती करने की करेंगे मांग

अखंड भारत संदेश



चन्द्रशेखर आजाद पार्क में बैठक कर लखनऊ चलने की रणनीति बनाते अभ्यर्थी

**प्रयागराज।** भाजपा सरकार की वादाखिलाफी व कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक न करने से नाराज बीएड टीईटी 2011 के अभ्यर्थियों ने आगामी 8 सितम्बर को लखनऊ के धरने में सरकार से दो- दो हाथ करने की ठान ली है। मंगलवार को चन्द्रशेखर आजाद पार्क में राजेश कर्मा की अध्यक्षता में बीएड टीईटी 2011 के अभ्यर्थियों ने एक बैठक कर लखनऊ के महा आंदोलन में शामिल होने की रणनीति बनाई। बैठक को सम्बोधित करते हुए राजेश कर्मा ने कहा की सरकार अपने वादों से मुकर कर हम अभ्यर्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है जिसे अब कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मनीषा पांडेय ने कहा की सीएम द्वारा गठित कमेटी की रिपोर्ट सार्वजानिक न करना अभ्यर्थियों के साथ धोखा करना है। इसलिए प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर प्रयागराज के शत प्रतिशत साथी लखनऊ आंदोलन में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने का काम करेंगे। बैठक मे रमाशंकर गुप्ता, संतोष पांडेय, ऋषींद्र पांडेय, अटल बिहारी यादव, फरहान, कुसुम यादव, पी०के यादव, हरिओम प्रकाश सहित अन्य बीएड, टीईटी अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# देश हित के लिए कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प : अशफाक




f

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** कांग्रेसी कार्यकताओं ने मंगलवार को सुदनीपुर खुर्द में गांव में बैठक कर कांग्रेस पार्टी की खूबियों को गिनाया। पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अशफाक अहमद के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। कांग्रेस की नितियों को जन हितैषी बताते हुए पूर्व उपाध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि देश में बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी ने लोगों का जीना हराम कर दी है। कांग्रेस की सरकार में महंगाई पर अंकुश था। गरीबी पर मूल रूप से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश में केवल कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा विकल्प है जो अमन और शांति कायम कर सकती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडवोकेट देवराज उपाध्याय व संचालन पूर्व पीसीसी सदस्य उत्तर प्रदेश भोलानाथ तिवारी ने किया। कार्यक्रम में तहजीब उल हसन, बबलू प्रधान, मोहम्मद यूसुफ ,शमशेर बहादुर पटेल, मुश्ताक अहमद, अब्दुल रज्जाक, राकेश भारतीय, अजहर उद्दीन, दिलीप दुबे, अली हसन, शमसाद अली, अलगू भारतीया,अशर्फी लाल सहित अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

### प्रतापपुर में मनाया प्रदेश अध्यक्ष का जन्मदिन

फूलपुर। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू का जन्मदिन मंगलवार को कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान कार्यकताओं ने केक काटकर प्रदेश अध्यक्ष के दीघार्यु की कामना की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव संजय तिवारी ने अजय कुमार के 42वें जन्म दिन के अवसर पर प्रतापपुर विधानसभा के अनुवा व रुदइ गाँव मे कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी लगातार जनहित के मुद्दे को उठा रही है। साथ ही पार्टी की नीतियों को गांव- गांव पहुंचाने का कार्य भी कार्यकताओं द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा की निश्चित तौर पर आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेसी पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सुरेश यादव,मधुसूदन पांडेय,राकेश पटेल,मनोज पासी,कमलेश पांडेय,आदर्श प्रजापति,संतोष दुबे,राजेश भारतीय,सत्यम तिवारी,प्रमोद मोदनवाल,साहिल तिवारी,निर्मल तिवारी,सत्यम तिवारी,सोनू पांडे,राजेश सरोज,प्रदीप कुमार यादव,जिया लाल पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राम मंदिर निर्माण के लिए अंतिम समय तक संघर्षरत रहे कल्याण सिंह : रमाकांत

**घूरपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व निवर्तमान राज्यपाल स्व.कल्याण सिंह राम मंदिर निर्माण के लिए अंतिम समय तक संघर्षरत रहे उक्त बातें घूरपुर के कांटी गांव स्थित भाजपा कौंधियारा मंडल द्वारा जे पी एस विद्यालय में आयोजित शोक सभा श्रद्धांजलि के बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के किसान किसान मोर्चा काशी प्रांत के उपाध्यक्ष रमा कांत विश्वकर्मा ने स्व कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए कही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रंचड़ शुक्ल ने राजनीतिक जीवनी पर प्रकाश डाला। जिला उपाध्यक्ष जय सिंह पटेल, जिला कार्यालय मंत्री मनोज गुप्ता, ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए श्रद्धा सुमन समर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा राजमणि पासवान एवं मंडल प्रभारी वेदेश दत्तपांडे पांडे तथा महामंत्री लालचंद शुक्ल व दिनेश प्रजापति ने भी अपने वक्तव्य के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह जी को श्रद्धांजलि समर्पित किए ।अध्यक्षता कौंधियारा मंडल अध्यक्ष शिव प्रसाद केसरवानी तथा संचालन मंडल उपाध्यक्ष इंद्रजीत पटेल ने किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश मिश्रा मंडल उपाध्यक्ष भानु प्रताप मिश्र आजाद सिंह ,अजय मिश्रा ,सुरेश चतुर्वेदी, रविंद्र पाठक ,नरेंद्र कुमार यादव, सुधाकर पटेल कार्यकताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर दो मिनट मौन रखा।

### पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**करछना।** मंगलवार को विधानसभा करछना क्षेत्र के भाजपा मंडल भडेवरा, भीरपुर व हरदुआ में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडे , अजय सिंह, सोम नारायण द्विवेदी की अध्यक्षता मे की गई। मुख्य अतिथि भाजपा विधानसभा प्रभारी अवधेश वैश्य ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि बाबूजी गरीबों के मसीहा के साथ जन-जन के लोकप्रिय नेता थे। राजनीति में उनकी स्थान पूर्ति करना असंभव है । श्रद्धांजलि सभा का संचालन महामंत्री रामनरेश लोहिया ने किया । इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल, श्याम बाबू पटेल विष्णु शुक्ला श्यामकली भारतीय, सावित्री कुशवाहा, उर्मिला पटेल,नागेंद्र शुक्ला, श्याम प्रकाश द्विवेदी, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, रवि शंकर तिवारी, पंकज तिवारी आदि लोग रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत माधोपुर वि. ख. सहसों, प्रयागराज

### अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में कराये जाने वाले कार्यो के लिए कार्यस्थल पर इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.09.2021 से दिनांक 07.09.2021 तक कार्यालय ग्राम पंचायत से कार्य दिवस में 4 बजे तक शील बन्द लिफाफे में निविदा जमा कर सकते हैं, जो दिनांक 08.09.2021 को निविदा हेतु गठित निर्माण कार्य के समिति के सदस्यों के समक्ष सायं 4 बजे खोला जायेगा। सामग्री का विवरण निम्न प्रकार है:–

| क्र0 | सामग्री | लम्बाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी | प्रति हजार |
| 2. | सिमेंट | प्रति बोरी |
| 3. | महीन बालू | प्रति घन मीटर |
| 4. | ईट 150 एमएम प्रथम श्रेणी | प्रति हजार |
| 5. | ईट गिट्टी 40 एम एम | प्रति घनमीटर |
| 6. | सरिया | प्रति कुन्तल |
| 7. | ह्यूम पाइप | प्रति नग / आर.एम. रनिंग मीटर |
| 8. | सोलर लाईट | प्रति नग |
| 9. | स्ट्रीट लाईट | प्रति नग |
| 10. | इंटरलाकिंग | प्रति हजार |
| 11. | आर.सी.सी. बेन्च सीमेन्ट | प्रति नग |
| 12. | टाईल्स | प्रति नग |
| 13. | हैण्डपम्प अधिष्ठापन | प्रति नग |
| 14. | पल्स आक्सीमीटर | प्रति नग |
| 15. | सफाई कर्मी किट इत्यादि | प्रति नग |

नियम शर्ते :– 1. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार आधारित समय के अन्तर्गत आपूर्ति अनिवार्य होगी। 2. सामग्री दर लोक निर्माण विभाग से अधिक नही होगा। 3. सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप न होने पर भुगतान की धनराशि से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 4. निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अद्योहस्ताक्षरी का होगा। 5. अधिक जानकारी हेतु प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

**निशा देवी** (ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत माधोपुर
वि. ख. सहसों, प्रयागराज

पत्रांक: 02/2021-22/ दिनांक 31.8.2021

**हेमन्त सिंह**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत माधोपुर
सहसों, प्रयागराज।

# प्रतापगढ़ से अयोध्या के लिये रवाना हुई राजा भइया की संकल्प रैली

## बीच-बीच में हुआ स्वागत, रामलला के दर्शन के बाद फूंकेंगे चुनावी बिगुल

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** प्रदेश के पूर्व मंत्री व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया मंगलेवार को बेंती में हनुमान मंदिर का दर्शन कर अपनी जनसंकल्प यात्रा को निकालने के लिये निकल पडे। अयोध्या में रामलला का दर्शन करने के बाद वह प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंकेंगे।

राजा भइया के साथ जनसत्ता दल का काफिला था जिसमें मुख्य रुप से पूर्व सांसद शैलेन्द्र कुमार, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, विधायक विनोद सरोज, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष डा0 केएन ओझा, जिला पंचायत अध्यक्ष के पति कुलदीप पटेल, गोपाल के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा के साथ राजा भइया का काफिला पूर्वान्ह ग्यारह बजे बेल्हा पहुंचा। इस बीच कुण्डा, हीरागंज, डेरवा, जेठवारा, मोहनगंज, सराय आना देव, सगरा, मीरा भवन, अम्बेडकर चौराहा पर राजा भइया का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। यहां से 11 बजे उनका काफिला निकल चुका था। बता दें कि जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की जनसेवा संकल्प यात्रा प्रतापगढ़ से अयोध्या के लिए रवाना हुई। जनसेवा संकल्प यात्रा की कुंडा के विधायक व जनसत्ता दल के मुखिया रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया अगुवाई कर रहे थे। इस दौरान राजा भइया ने कहा कि पार्टी के गठन के बाद लखनऊ में अपार जनसमर्थन मि रहा है। पार्टी के नीतियों और सिद्धांतों को लेकर यह यात्रा हम लेकर निकले है। रामलला के दर्शन के बाद प्रदेश के सभी जिले में ये यात्रा होती रहेगी। हम किसी का समीकरण बनाने और बिगड़ने के लिए जनसेवा संकल्प यात्रा लेकर नहीं निकले हैं।



# सीएचसी कालाकांकर पर टीकाकरण के लिये उमडे लोग, हुआ टीकाकरण

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** सीएचसी कालाकांकर में मंगलवार को कोविड-19 वैक्सीन के टीकाकरण के लिये लोगो की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ बढ़ते देख चिकित्साप्रभारी डॉ मनोज कुमार वर्मा ने अपने स्टाफ को टीकाकरण के लिए सुबह आठ बजे से चालू कर दिया। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय बाजिदपुर, छिदौरा, मधवापुर, सेखवापुर, बड़गौ, पीएससी मानिकपुर, कुसुवापुर तिवारीपुर में सुबह आठ बजे से देर शाम तक लगभग तीन हजार चार सौ लोगों को पहले दूसरे डोज के लिए टीकाकरण किया गया जिसमें सीएचसी कालाकांकर के समस्त स्टाफ लगे रहे। चिकित्सा प्रभारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की जनता अब जागरूक हो गयी है। शुरुआत के दौर में लोग बुलाने पर भी नही आते थे, आज आलम यह है कि लोग खुद अस्पताल में आकर वैक्सीन लगवा रहे हैं। तीसरे लहर के आने के पहले 80 फीसदी लोगों का क्षेत्र में टीकाकरण हो जाएगा। वैक्सीन का टीकाकरण अब केवल सरकारी जगहों पर किया जाएगा।

## घर में घुसे चोरों ने उड़ाए सामान, दी गई तहरीर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर के अंतर्गत शैल श्याम मैरिज हाल के पीछे करनपुर स्थित जगदंबा सिंह के मकान को दुबारा चोरों ने खंगाल डाला और घर में रखे घरेलू सारे सामान को चुरा ले गए। मालूम हुआ कि मांधाता थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर निवासी भूपेंद्र सिंह शिवकुमार सिंह पुत्र स्व0 जगदंबा सिंह आदि मकान बनवा कर करनपुर शैल श्याम मैरिज हॉल के पीछे रहा करते हैं।उनका व्यवसाय बनारस व लखनऊ में भी है, इस कारण प्रायः वे लोग बनारस, लखनऊ और प्रतापगढ़ आते जाते रहते हैं। इसी दिनचर्या को जानकर बदमाशों ने इनके घर को दो बार लूटा, और दोनों बार घर गृहस्ती के सारे सामान को उठा ले गए। पहली घटना 11 जून 2016 को घटी थी जिसमें चोरों ने खाली घर देखकर निर्भय होकर बस्ती के बीच में चोरी की और दो कूलर पानी की मोटर समेत अन्य कीमती सामान उठा ले गए थे। दूसरी घटना 30 अगस्त को पुनः घुस गए और घर में रखें कीमती सामानों पर हाथ फेर दिए। चुराए गए सामानों में कूलर, पंखा, वाशिंग मशीन, मंदिर में रखी कीमती मूर्तियां, पीतल के सामान, साड़ी, कालीन व अन्य कीमती सामान चुरा ले गए हैं। घटना के संबंध में स्थानीय पुलिस को तहरीर दी गई है।

### घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड पर चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर मे घुसकर मारपीट गालीगलौज व तोडफोड करने को लेकर पुलिस ने गांव के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सराय रायजू निवासी रामलाल पाल पुत्र दुखीराम ने तहरीर देकर कहा है कि बीती उन्तीस अगस्त की सुबह करीब सात बजे पुरानी रंजशि को लेकर गांव के सुनील कुमार व अमित कुमार तथा सुनील कुमार की पत्नी माया देवी और भोला नाथ की पत्नी अनारकली ने घर मे घुसकर उसे जमकर मारापीटा। आरोपियो ने घरेलू सामानो को तोडकर नष्ट भी कर दिया। पीडित के शोर मचाने पर आरोपीगण जान से मार डालने की धमकी देते चले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुनील कुमार समेत चार लोगों के खिलाफ गालीगलौज, मारपीट, तोडफोड व जानलेवा धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।



### भूपेन्द्र पाण्डेय बने जिला सह संयोजक

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशांबी सांसद विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी एवं भाजपा नेता भूपेन्द्र पाण्डेय को राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान का पुनः जिला सह संयोजक एवं श्रम प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक बनाए जाने पर कुंडा एवं बाबागंज क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने भूपेन्द्र पाण्डेय को राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान का जिला सह संयोजक पुनः बनाते हुए साथ ही श्रम प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक भी बनाया है।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये जवाहर लाल गुप्ता

### इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** कांग्रेस नेता स्व0 जवाहर लाल गुप्ता की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में मनाई गई। संचालन डा0वी0के0सिंह ने किया। इस अवसर पर जुटे कांग्रेसियों ने स्व0 जवाहर लाल गुप्ता के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि स्व0 गुप्ता जी एक नेकदिल इंसान, प्रतिबद्ध कांग्रेस कार्यकर्ता थे। उन्हें संडवा चंडिका व गड़वारा क्षेत्र के एक-एक गांव व एक-एक आदमी की जानकारी थी। सभी के सुख- दुख में वे हमेशा भागीदार रहे। ऐसा नेता, ऐसा समाज सेवक अब होना बड़ा मुश्किल है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। इस अवसर पर स्व0 जवाहर लाल जी की इकलौती बेटी किरन गुप्ता मौजूद रही। सभा में मुख्य रूप से डा0 वी0 के0 सिंह, इरफान अली, वेदांत तिवारी, रोहित शुक्ल, महेंद्र शुक्ल, प्रेम शंकर द्विवेदी, सूर्य प्रकाश शुक्ल, चंद्रनाथ शुक्ल, रणविजय सिंह, अब्दुल रहमान, करुणा शंकर मिश्र, शिवम मिश्र, महेंद्र सिंह, कमलेश कुमार, श्यामा देवी, सरदार जोगिंदर सिंह, मनोज कुमार मिश्र, रामधन यादव, मुन्नू सिंह, संजय सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## लाठी-डंडे से पीटकर युवक की हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**पट्टी, प्रतापगढ़।** अचानक खाना खाते समय युवक के मोबाइल पर फोन की घंटी बजी और वह खाना छोड़ कर पड़ोसी गांव में चला गया जहां पर कहासुनी के बाद उसे पीट कर अधमरा कर दिया गया। मौके पर पुलिस पहुंची तो युवक को थाने ले आई। गंभीर दशा में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कर ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया वहां से प्रयागराज के लिए जाते समय युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के ढाँढर गांव के गंगाराम सरोज का पुत्र अनिल सरोज (35) सोमवार की रात 10 बजे भोजन कर रहा था तभी उसकी फोन की घंटी बजी और वह आनन-फानन में तैयार होकर बिना कुछ बताए ही घर से दो किलोमीटर दूर भाटी गांव पहुंच गया।

लोगों का कहना है कि जिस युवक ने फोन से उसे बुलाया था, शुरुआती समय में उससे मामूली बहस हुई, लेकिन थोड़ी देर बाद मामला गंभीर हुआ तो दोनों में मारपीट होने शुरू हो गई और गांव के कुछ युवक हाथ में लाठी डंडा लेकर पहुंचे और युवक की बेरहमी से पिटाई कर दिया। सूचना मिलने पर गांव के प्रधान मौके पर पहुंचे तो उन्होंने आसपुर देवसरा पुलिस को सूचना दिया। रात 11 बजे घटनास्थल पर पुलिस पहुंची तो घायल अनिल सरोज को थाने ले आई। उसकी हालत खराब होने पर पुलिस ने अनिल सरोज के पिता गंगाराम को फोन करके थाने बुला लिया और गंगाराम घायल अनिल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए रेफर किया लेकिन रास्ते में ही अनिल ने दम तोड़ दिया।

## नहर में उतराया मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के बलीपुर कटरा गांव के समीप मंगलवार सुबह नहर मे युवक का शव उतराया मिलने से हडकंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। इधर शव की शिनाख्त होने के बाद मृतक के पिता ने बेटे की हत्या की आशंका जताते हुए अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के रंजीत का पुरवा मुरैनी निवासी रामफल वर्मा का पुत्र राजेन्द्र वर्मा (26) बडोदरा गुजरात मे सब्जी का व्यवसाय करता था। उसकी इक्तीस अगस्त को सगाई होनी थी। इसी सिलसिले मे वह यहां गांव आ रहा था। लेकिन मंगलवार सुबह लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर कटरा के पास की नहर मे उसका शव मिलने से हडकंप मच गया। मृतक के पिता रामफल वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसका बेटा राजेन्द्र अटठाईस अगस्त को बडोदरा से चलकर उन्तीस अगस्त की शाम लखनऊ पहुंचा।

लखनऊ से उसने घर पर अपनी भाभी के पास फोन करके वहां पहुंचने की सूचना दिया और कहा कि वह रात करीब नौ बजे तक लालगंज पहुंच जायेगा। इससे परिजन वाहन लेकर उसे घर ले जाने के लिए रात करीब साढे आठ बजे लालगंज चौराहा पहुंच गये। यहां देर रात करीब दो बजे तक उसका इंतजार करते रहे। राजेन्द्र के लालगंज न पहुंचने पर परिजनों ने फोन किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा। अनहोनी की आशंका मे परिजन लखनऊ बस स्टाप पहुंचकर उसकी खोजबीन की लेकिन राजेन्द्र का कहीं पता नही चल सका। परेशान परिजन राजेन्द्र की खोजबीन मे जुटे ही थे कि मंगलवार सुबह सोशल मीडिया के जरिए उन्हें बलीपुर कटरा के पास नहर मे युवक का शव मिलने की जानकारी हुई। परिजन भागकर वहां पहुंचे तो राजेन्द्र का शव देख रोने बिलखने लगे। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि युवक की शिनाख्त राजेन्द्र वर्मा के रूप मे उसके पिता रामफल वर्मा ने की है।

## आज से खुलेंगे प्राइमरी स्कूल, तैयारियां पूरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** एक सितम्बर से प्राइमरी स्कूल भी खुल रहे हैं। इससे बच्चों में उत्साह है। गत मार्च के बाद लगातार स्कूल बंद रहे हैं। इससे बच्चे विगत डेढ़ वर्षों से घर में ही रहने को मजबूर हैं। इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास अपेक्षित नहीं हो पा रहा है। मात्र 20-25 प्रतिशत बच्चे आनलाइन से भले जुडे रहे हों लेकिन 75 प्रतिशत ऐसे बच्चे हैं जो न आनलाइन पढे हैं और न ही घर में उनकी पढ़ाई हुई है। उनके सामने सबसे बड़ी समस्या है कि जो उन्हें आता था, वह भी वह भूल गये हैं। ऐसे में अभिभावक भी परेशान हैं कि स्कूल खुले और बच्चों की पढ़ाई फिर पटरी पर आ सके। स्कूल संचालक भी अपने स्कूलों की सफाई करा रहे हैं। ज्यादातर स्कूलों में कोरोना से बचाव के इंतजाम किये गये हैं। बच्चों को भी मास्क लगाकर आने को कहा गया है। कुछ स्कूलों में सेनेटाइजर की भी व्यवस्था की गई है। अभिभावकों में इस बात का संतोष है कि कोरोना बहुत कम हुआ है। वह अपने बच्चे को कोरोना मानकों का ध्यान रखकर भेजना चाह रहे हैं।

### तीन आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट, गाली गलौज व जानलेवा धमकी की घटना को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ दलित उत्पीडन का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे पौलहा गांव निवासी आशू कोरी पुत्र दुर्गेश कोरी ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती उन्तीस अगस्त को सुबह साढे सात बजे गांव के ज्ञानप्रकाश, राजीव कुमार, ललित कुमार ने रंजिश को लेकर उसे मारापीटा। आरोपियो ने गालीगलौज करते हुए जातिसूचक शब्दो से अपमानित किया।

### केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना की आनलाइन प्रक्रिया प्रारम्भ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एस0एन0 तिवारी ने बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2021-22 के अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदायों (मुस्लिम, सिक्ख, इसाई, जैन, बुद्ध, पारसी) हेतु तीन केन्द्रीय छात्रवृत्ति क्रमशः प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक व मेरिट-कम-मीन्स योजनाओं के अन्तर्गत आनलाइन प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। उन्होने बताया है कि प्री-मैट्रिक हेतु आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 15 सितम्बर 2021, पोस्ट मैट्रिक तथा मेरिट-कम-मीन्स हेतु आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2021 है। विद्यालय/संस्थाओं स्तर से अग्रसारित करने की अन्तिम तिथि 15 दिसम्बर 2021 निर्धारित की गयी है। उन्होने बताया है कि प्री-मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक तथा मेरिट कम मीन्स योजनान्तर्गत आनलाइन आवेदन 18 अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो गया है।

### बिजली की आंख मिचौली से कर्मचारी परेशान

**परियावां, प्रतापगढ़।** विद्युत उपकेंद्र 33/11 कालाकांकर से जुड़ा सीएचसी कालाकांकर में बिजली की आंख मिचौली से स्टाफ परेशान नजर आ रहे हैं। जब कि अस्पताल में इन दिनों कोविड-19 वैक्सीन का टीकाकरण चालू है जिसके लिए वैक्सीन को रखने के लिए अस्पताल मे फ्रीजर की ब्यवस्था तो है लेकिन बिजली की ब्यवस्था बद से बदतर होने से सब बेकार दिखाई दे रहा है। चिकित्साप्रभारी डॉ मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि अस्पताल की विजली सप्लाई की ब्यवस्था आलापुर की जगह कालाकांकर फीडर से जोड़ दिया जाय तो कुछ हद तक राहत मिल सकती है, क्योंकि आलापुर फीडर की सप्लाई आपूर्ति के समय बहुत डिस्टर्ब कर देती है जिससे अस्पताल का काम काज बिना बिजली के ठप पड़ जाता है।

## राष्ट्रीय पोषण माह हेतु सप्ताहवार चार थीमों पर होगा कार्यक्रम : डीएम

### जिले में एक सितम्बर से मनाया जायेगा राष्ट्रीय पोषण माह

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि बच्चों, किशोरियों और महिलाओं में पोषण के स्तर में सुधार के उद्देश्य से राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर माह में मनाया जायेगा। राष्ट्रीय पोषण माह हेतु चार मुख्य थीमें निर्धारित की गयी।इनमें प्रथम सप्ताह 01 से 07 सितम्बर तक पोषण वाटिका एवं पौधारोपण' थीम के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम, ब्लाक स्तर पर हार्टीकल्चर विभाग के सहयोग से किचेन गार्डेन/न्यूट्री गार्डेन का प्रदर्शन एवं उसके फायदे के बारे में जानकारी, ब्लाक स्तर पर गभर्वती महिलाओं के पोषण के सम्बन्ध में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर स्थापित सर्वश्रेष्ठ पोषण वाटिका की प्रतियोगिता का आयोजन, स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कोविड टीकाकरण पर दो दिवसीय अभिमुखिकरण एवं विशेष कैम्प का आयोजन, मातृ वन्दना सप्ताह का आयोजन व स्वयं सहायता समूह के माध्यम से पोषण वाटिका की स्थापना का कार्य किया जायेगा। द्वितीय सप्ताह 08 से 15 सितम्बर तक सुपोषण के लिये योगा एवं आयुष का महत्व थीम के तहत गर्भवती व धात्री महिलाओं हेतु ग्राम, ब्लाक व जनपद स्तर पर रेसिपी प्रतियोगिता का आयोजन, वजन सप्ताह-गर्भवती महिलाओं एवं किशोरी बालिकाओं हेतु, वाश डे का आयोजन करते हुये साफ सफाई एवं स्वच्छता का पोषण के सम्बन्ध में जागरूकता, ग्राम प्रधान के सहयोग से आंगनबाड़ी केन्द्र पर स्वच्छता दिवस का आयोजन व गृह आधारित गोदभराई का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने बताया है कि तृतीय सप्ताह 16 से 23 सितम्बर तक स्थानीय खाद्य पदार्थ पर जन जागरूकता तथा अनुपूरक पोषाहार का वितरण थीम के तहत सम्भव अभियान के अन्तर्गत 0-5 वर्ष तक के बच्चों का पुनः वजन तथा लम्बाई/ऊंचाई का माप तथा पोषण श्रेणी का निर्धारण, ग्राम स्तर पर तीन दिवसीय पोषण उत्सव का आयोजन, इसमें अनुपूरक पुष्टाहार वितरण, पोषण तश्तरी का प्रदर्शन, पोषण रंगोली बनाते हुये भोजन की विविधता पर चर्चा तथा रेसीपी डिमोस्टैशन समुदाय के समक्ष करना व ग्राम प्रधान के सहयोग से पोषण पंचायत का आयोजन किया जायेगा। चतुर्थ सप्ताह 24 से 30 सितम्बर तक सैम/मैम बच्चों का चिन्हांकन एवं पौष्टिक भोजन की जन जागरूकता थीम के तहत चिन्हित सैम/मैम बच्चों के घर गृह भ्रमण करते हुये गृह आधारित देखभाल पर जानकारी देना आदि है।

# आज से खुलेंगे कक्षा 01 से 05 तक के विद्यालय

## कोविड गाइड लाइन का पालन करना अनिवार्य : बीएसए

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** करीब साढ़े चार माह तक स्कूल से दूर रहे पाचवीं तक बच्चों की पढ़ाई बुधवार से शुरू हो जाएगी। मंगलवार को स्कूलों में साफ-सफाई से लेकर सैनिटाइजेशन किया गया। स्कूल खुलने से सरकारी, मान्यता प्राप्त और निजी स्कूलों के करीब ढाई लाख बच्चे लाभान्वित होंगे।

कोरोना की दूसरी लहर के कारण 15 मार्च के बाद से ही सभी शिक्षण संस्थान बंद हो गए थे। संक्रमण की रफ्तार थमी तो एक जुलाई से स्कूल खुल गए, लेकिन बच्चों के आने पर रोक लगी रही।

### कहा निरीक्षण में मिली खामियां तो होगी कार्रवाई

16 अगस्त से माध्यमिक और इंटर कॉलेज में पठन-पाठन शुरू हो गया। 24 अगस्त से छठवीं से आठवीं तक के स्कूलों की कक्षाएं शुरू हो गई। अब पहली से पाचवीं तक की कक्षाओं में भी पठन-पाठन भी बुधवार को शुरू हो जाएगा। स्कूल खुलने से सरकारी पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में पंजीकृत करीब एक लाख, जबकि निजी स्कूलों में करीब डेढ़ लाख बच्चे महीनों बाद कक्षाओं में दिखेंगे। स्कूल खुलने को लेकर जिले के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में साफ-सफाई संग सैनिटाइजेशन का कार्य कराया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि कोविड से बचाव की एडवाइजरी जारी कर शत प्रतिशत पालन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दो गज की दूरी का पालन, मास्क को अनिवार्य रूप से लगाना, हाथ को सैनिटाइज करने आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिया है। कहा कि जांच में अगर व्यवस्था नहीं मिली तो कार्रवाई होगी।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने की मस्ती

**मोढ़/भदोही।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जनपद में धूमधाम के साथ मनाया गया। सोमवार को रातभर जगह-जगह आयोजन होते रहे। इसी कड़ी में कई स्थानों पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मोढ़ क्षेत्र के बदलीपुर गांव की पटेल बस्ती में स्थानीय युवाओं के द्वारा मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गांव के संभ्रांत लोगों संग बच्चों ने भी सहभागिता की। मटकी फोडने वाले विजेता को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया गया। इस मौके पर बलराम सिंह, विनोद सिंह, वीरेंद्र सिंह, मितला श्याम सिंह, नीलेश सिंह, जितेंद्र सिंह, शिवन्या सिंह, किरण मिश्रा, देवेश मिश्रा, संतोष मिश्रा, तारा, पल्लवी, नेहा, श्रद्धा, स्मृति, जागृति, सपना, बिक्खा, कल्लू, आदर्श, प्रियांशु, मान्यता, तन्नू, अभिनव, मंगल, भूमि, रुद्रिका आदि शामिल रहीं।

# अभिभावकों की सहमति से ही स्कूल आएंगे प्राइमरी के बच्चे

## एक सितंबर से विद्यालय खोलने को लेकर बीईओ ने शिक्षकों संग की वर्चुअल बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** एक सितंबर से खोले जा रहे जनपद के प्राइमरी विद्यालयों के सकुशल संचालन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज बीईओ ज्ञानपुर रवींद्र शुक्ल ने शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों के साथ वर्चुअल बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। एक सितंबर से खोले जा रहे विद्यालयों के संबंध में बीईओ रवींद्र शुक्ल ने कहा कि स्कूलों में भौतिक रूप से पठनपाठन शुरू करने के साथ-साथ कोविड प्रोटोकाल का सख्ती से पालन करवाया जाए। स्कूलों में छात्र-छात्राओं की संख्या बढने पर विद्यालय दो पाली में चलाया जाए। इसके अलावा स्कूल आने वाले प्राइमरी के बच्चों (कक्षा एक से पांच तक) को उनके अभिभावकों की अनुमति आवश्यक होगी। अभिभावकों से सहमति पत्र लेकर ही विद्यालय में बच्चों को स्कूल में बैठाया जाए।

बीईओ ने कहा कि स्कूल आने वाले बच्चों के परिवारीजनों की भी सेहत के बारे में जानकारी लीजाए कि उनके यहां कोई बुखार या फिर सीजनल बीमारियों से पीडित तो नहीं है। यदि इस तरह का कोई मामला सामने आता है तो इससे अवगत कराया जाए। इसके अलावा बच्चों के स्कूल आने-जाने के सुरक्षित आवागमन की भी देखरेख की जाए। बीईओ ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में भौतिक रूप से पठन-पाठन शुरू होने के उपरांत बालिकाओं का कन्या सुमंगला योजना में ऑनलाइन आवेदन करवाने और जल ही जीवन मिशन पर सक्रियता से ध्यान दिया जाए। एआरपी गणित संदीप कुमार दुबे ने मिशन प्रेरणा के द्वारा उपलब्ध कराए गए माड्यूल समृद्ध और आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका गणित के अनुसार शिक्षण कार्य पर विचार रखा। जबकि एआरपी हिंदी डॉक्टर पूजा मिश्रा ने हिंदी के अनुसार शिक्षण कार्य करने और विद्यालयों को प्राप्त प्रिंट रिच सामग्री के प्रयोग पर जोर दिया। एआरपी संतोष सिंह और एआरपी विज्ञान योगेश मौर्य ने शिक्षक डायरी और शिक्षण योजना पर प्रकाश डाला और विद्यालयों के संचालन में हो रही दिक्कतों और आने वाली दिक्कतों पर चर्चा की गई। इस पर एआरपी टीम व खंड शिक्षा अधिकारी ने उक्त समस्याओं का समाधान किया। संचालन एआरपी (गणित) संदीप कुमार दुबे एवं तकनीकी सहयोग संतोष सिंह ने दिया। मीटिंग का समापन खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी एआरपी व प्रधानाध्यापकों के आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

## तत्काल प्रभाव से कोविड वैक्सीन लगवाएं शिक्षक : बीएसए

### दो और तीन सितंबर को जनपद के सभी ब्लाक संसाधन केंद्रों पर लगाया जाएगा विशेष कैंप

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए विशेष कैंप लगाया जा रहा है। ब्लाक संसाधन केंद्रों पर दो और तीन सितंबर के मध्य लगाए जाने वाले इन विशेष कैंपों में सभी शिक्षकों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। यह जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएन सिंह ने दी। उन्होंने सभी शिक्षकों से वैक्सीनेशन कैंप में भाग लेते हुए टीका लगवाने की अपील की है। बीएन सिंह ने कहा कि सभी शिक्षक आमजन को टीका लगवाने के लिए प्रेरित भी करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि दो और तीन सितंबर के मध्य ब्लाक संसाधन केंद्र औराई, भदोही, अभोली सुरियावां, ज्ञानपुर एवं डीघ में कोविड-19 टीकाकरण का आयोजन किया गया है, जिसमें परिषदीय माध्यमिक मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त विद्यालयों के सभी शिक्षक/शिक्षणेत्तर कर्मचारी किसी भी ब्लाक संसाधन केंद्र पर उपस्थित होकर प्रथम/द्वितीय डोज का टीका लगवा सकते हैं। बीएसए ने कहा कि उक्त टीकाकरण कैंप कोविड-19 के प्रभाव से बचाव में सहायक होगा। इसलिए सभी शिक्षक/शिक्षणेत्तर कमचारी इस अवसर का लाभ उठाएं और अपना टीकाकरण अवश्य करवाएं।

## सीएमओ के निरीक्षण में प्रभारी चिकित्साधिकारी सहित सात स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित, रोका वेतन

**अखंड भारत संदेश**

**ज्ञानपुर।** सीएमओ सन्तोष कुमार चक ने नगरीय प्राथमिक केन्द्र, नई बाजार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अंजू मिश्रए समेत आधा दर्जन स्वास्थ्यकर्मी गैर हाजिर मिले। अनुपस्थित स्वास्थ्यकर्मी गौतम कुमार स्वीपर, एएनएम बन्दना कुमारी, सरिता देवी, रीता गुप्ता, बिन्द्रावती देवी, सुमन यादव का सीएमओ ने स्पष्टीकरण मांगा व अनुपस्थिति पाये गये कर्मियों का एक दिवस का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पायी गयी, कैम्पस के अन्दर गन्दगी पायी गयी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को नियमित साफ-सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया, साथ में यह भी निर्देशित किया गया कि प्रातः आठ बजे से समस्त चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ चिकित्सालय पर उपस्थित होकर अपना कार्य सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

## गायत्री परिवार की एक बैठक संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चौरी/भदोही।** क्षेत्र के गोहिलाव गांव स्थित गायत्री चेतना केंद्र पर मंगलवार को गायत्री परिवार की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार की टोली द्वारा विश्व शांति व जन कल्याण के लिये होने वाले विभिन्न कार्यक्रम के विषय पर विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम के आयोजक मनोज श्रीवास्तव ने बताया है कि शुक्रवार को होने वाले कार्यक्रम में गायत्री द्वीप महायज्ञ व संगीतमय प्रवचन किया जायेगा। इस दौरान नारी जागरण, नारी स्वालम्बन, नारी सशक्तिकरण, प यावरण संबर्धंन पौध रोपण आदि कार्यक्रम किया जायेगा। बताया कि गायत्री परिवार को जन जन से जोड़ने एवं गायत्री यज्ञ को घर-घर पहुंचाने के लिये एक गोष्ठी भी की जायेगी। वही लोगो से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। इस दौरान गायत्री परिवार सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## सिग्नल फेल होने से मालगाड़ी फाटक पर हुई बन्द

**अखंड भारत संदेश**

**चौरी/भदोही।** मंगलवार को परसीपुर रेलवे फाटक पर सिग्नल फेल होने के चलते एक मालगाड़ी ट्रेन फाटक पर आकर बन्द हो गई। जिससे छोटे बड़े वाहनो सहित आने जाने वालों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। इस दौरान ट्रेनों के संचालन पर कोई असर नही पड़ा, लेकिन सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगने से राहगीर खूब परेशान हुए। बताया जाता है कि दोपहर में वाराणसी से चलकर भदोही की ओर जा रही मालगाड़ी ट्रेन अचानक रेलवे फाटक पर आकर बंद हो गई। जहां पहले से ही ट्रेन के आने पर फाटक बंद था। जिससे खड़े वाहनों की संख्या ज्यादा होने लगी। लगभग आधे घण्टा तक रुकी ट्रेन के चलते चौरी महराजगंज मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें ही नही लगी बल्कि राहगीर परेशान भी देखे गए। स्टेशन अधीक्षक निसार अहमद ने बताया कि सिग्नल फेल होने की वजह से ट्रेन कुछ समय के लिए रुकी थी। सिग्नल सही होते ही ट्रेन अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई।

## सुरियावां का बेहफईया मेला स्थगित

**अखंड भारत संदेश**

**सुरियावां।** नगर में 2 सितंबर को लगने वाला ऐतिहासिक प्रसिद्ध बेहफईया मेला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित नही होगा, स्थगित रहेगा। यह जानकारी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता ने दी है।

# मैं भाजपा में हूं और आगे भी रहूंगा : भाष्कर

## भाजपा विधायक ने सोशल प्लेटफार्म पर पोस्ट कर रखा अपना पक्ष

**अखंड भारत संदेश**



**घोसिया।** भारतीय जनता पार्टी के औराई विधायक एवं पूर्व मंत्री दीनानाथ भाष्कर ने सोशल प्लेटफार्म पर पोस्ट किया है कि मेरी अंतिम यात्रा बीजेपी से निकलेगी। मेरे द्वारा मेरे फेसबुक पर लिखे गए पोस्ट को मीडिया एवं अन्य बंधु जो अपने-अपने तरीके से प्रस्तुत विभिन्न माध्यमों से किया हैं जिसका मैं पूर्णतया खंडन करता हूं। कहा कि मैं अमीरपट्टी के रामलीला मंच पर उद्घाटन के समय घोषणा किया था कि मेरी अंतिम यात्रा मेरी अपनी पार्टी भाजपा से हीं निकलेगी और मैं जीवन के अंत तक भारतीय जनता पार्टी में बना रहूंगा। मेरे पोस्ट के बाद कुछ राजनैतिक दल गलती से मेरा दिली विचार जाने बिना मुझसे संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं। अर्थात वह मुझे समझ नहीं पाए और उन्हें मुझसे संपर्क नहीं करना चाहिए। क्योंकि उन्हें मुझसे निराशा हीं हाथ लगेगी। मैं विधायक बनने के दृष्टिकोण से भाजपा में नहीं हूं। लेकिन मेरे विधानसभा में कुछ ऐसे पदाधिकारी हैं जिन्हें मेरा विरोध करने के लिए बनाया गया है। जनपद में त्रिस्तरीय चुनाव में कई विसंगतियां पैदा हुई थी जिस संदर्भ में उचित स्थानों पर जानकारी दी गई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई। मेरे जाति के लोग मुझसे भागीदारी की बात करते हैं जहां मैं निरुत्तर हो जाता हूं। मैं जिम्मेदारी से कहना चाहता हूं की 2015 से अब तक पार्टी के जितने कार्यक्रम हुए मुझसे अधिक सहयोग किसी का नहीं रहा। फिर भी लोग मुझे जलील करते आ रहे हैं। मैंने घोषणा किया है कि मुझे आने वाले दिनों में कोई जिम्मेदारी नहीं मिलती है तो भाजपा से ज्यादा संघ का काम करूंगा और पूछे जाने पर भाजपा की सेवा करता रहूंगा। ध्यान रहे कि लोगों से संघ संगठन समाज व समरसता की स्थापना होती है। कहा कि हमारी पार्टी एवं सरकार ने जितना सर्व समाज का विकास कार्य किया है उतना आजादी के बाद से किसी सरकार ने नहीं किया। मैंने अपने हिसाब से अत्यधिक समय क्षेत्र की जनता में दिया जो सब हमें चुनाव जिताया है। उनके बीच में अत्यधिक समय दिया हूं और उनके दुख एवं सुख में भाग लिया हूं। सरकारी कार्यक्रमों का हिस्सा बना हूं। विकास कार्य उन क्षेत्रों में किया है जो क्षेत्र हमेशा से उपेक्षित रहा हो व जहां प्रतिनिधि नहीं पहुंच पाते थे। जिन साथियों का कोई व्यक्तिगत कार्य मेरे द्वारा नहीं हो पाए हों उनसे प्रणाम करते हुए क्षमा मांगता हूं। विधायक होना महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि उससे ज्यादा महत्वपूर्ण सम्मान व स्वाभिमान होता है बगैर उसके चौन से कार्य नहीं कर सकता। कहा पार्टी मुझे किसी भी पायदान पर रखे वहां मैं रहने के लिए तैयार हूं परंतु उसमें सम्मान निहित होना चाहिए। क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो राष्ट्र की सुरक्षा और अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रही है। कहा कि मीडिया एवं शुभचिंतकों को अवगत कराना चाहता हूँ कि मैं भाजपा में हूं और आगे भी आजीवन बना रहूंगा। किसी को मेरे ऊपर संशय करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

## गोपीगंज सीएचसी में वैक्सीनेशन के लिए उमड़ी भीड़

### वैक्सीन लगवाने के सुबह 8 बजे से लगी लंबी कतारें, कोरोना प्रोटोकॉल का हुआ उल्लंघन

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज।** गोपीगंज नगर स्थित राजमार्ग बस स्टैंड के पास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। वैक्सीन लगवाने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लोगों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान कोरोना प्रोटोकॉल का जमकर उल्लंघन हुआ। वैक्सीनेशन के लिए आए लोग बिना सोशल डिस्टेंसिंग के लाइन में खड़े दिखे और उनके मुंह पर मास्क भी नजर नहीं आया। वैक्सीन लगवाने के लिए लोग सुबह से लाइन में खड़े होने लग गए और देखते ही देखते लंबी लाइन लग गई। विभिन्न गांव से सैकड़ों की संख्या में आई हुई ज्यादातर महिलाओं का जमावड़ा लगा रहा। लाइनों में बिना मास्क के महिलाएं। कोरोना प्रोटोकॉल का जमकर हुआ उल्लंघन कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका के बीच सरकार व प्रशासन की ओर से लोगों को जागरूक करने के साथ ही सावधानी बरतने की अपील की जा रही है। लेकिन लोग लापरवाह बने हुए हैं। लोगों की इस तरह की लापरवाही कहीं उन पर भारी ना पड़ जाए।

### खाद्य सुरक्षा विभाग 212 कारोबारियों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**ज्ञानपुर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी व गुणवत्ता खराब मिलने पर 212 कारोबारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वर्ष 2020-21 में मिठाई, नमकीन व अन्य खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूनों में मिलावट की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएन त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दाखिल किए जाने के साथ ही अन्य दुकानदार व फर्मों से 5.20 लाख रुपये जुर्माने की वसूली भी की गई है।होली, दीपावली व रक्षाबंधन पर्व पर बाजारों में सजी मिठाई व अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी की कारोबार खूब चला। अंकुश लगाने को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाकर मिलावट का संदेह होने पर नमूना लेकर लखनऊ लैब में जांच के लिए भेजा गया था। एक वर्ष के दौरान छह सौ से अधिक भेजे गए नमूने में 212 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच में फेल मिले। संबंधित दुकानदारों के खिलाफ विभागीय अधिकारियों की ओर से न्यायालय में वाद दाखिल किया गया है।

# मटकी फोड प्रतियोगिता का पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ



**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** सुरियावां ब्लाक के ग्राम सभा छनौरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने के बाद आज मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कई गांव की टीम ने प्रतिभाग लिया। जिसमें विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे भदोही के पूर्व सपा विधायक जाहिद बेग ने फीता काटकर शुरू कराया। श्री बेग ने कहा कि हम सभी हर त्याहारों को भाई चारा के रूप में मनाते है और श्री कृष्ण जी ने हमेशा सच्चाई के साथ रहने वालों को अपना आशीर्वाद देते रहे है। अन्याय करने वालो को सबक सिखाने का कार्य किये थे। हम लोगों को उन्हीं के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। लेकिन जबसे भारतीय जनता पार्टी सरकार में आयी है समाज में व जातियों में नफरत पैदा कर रही है। जिसको जनता समझ गयी है और आने वाले 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिये तैयार है। साथ में भदोही विधानसभा के अध्यक्ष संतोष यादव, ग्राम प्रधान व बृजराज यादव मास्टर, साहेब लाल यादव, मयंक यादव, मनीष यादव, अनिल विन्द, आनंद विन्द सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मना श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

**अखंड भारत संदेश**

**चौरी/भदोही।** सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। वही ग्रामीण क्षेत्रों में जन्माष्टमी की घूम रही। बाजार स्थित पुलिस चौकी परिसर के दुर्गा मंदिर में मध्यरात्रि बारह बजे श्रीकृष्ण के जन्म पर घण्ट घड़ियाल के साथ में हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की। नन्द को आनंद भयो जय कन्हैया लाल की जयकारे गूंजने लगे। इस दौरान पुलिस चौकी आकर्षक लाइट एवं झालरों से सजाई गई थी। वही मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ जमा रही। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर चौकी प्रभारी दया शंकर ओझा की तरफ से सभी आगन्तुको को प्रसाद के साथ ही भंडारे का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर शिव शंकर दुबे, पप्पू मिश्र, कल्पनाथ मिश्र, सतीश मिश्र, समर यादव, सुनील सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, डीएम सिंह, चंदन सिंह, शुभम सिंह, सुशील दुबे, प्रदीप जायसवाल, थानाध्यक्ष रामदरश राम, आरक्षी वीरेंद्र कुमार, गुफरान अंसारी, विनय मिश्र, दिवाकर यादव, इंदल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## स्वच्छ पेय जल की सुविधा से वंचित हैं दर्जनों गांव

**घोसिया।** औराई क्षेत्र अन्तर्गत आजादी के दशकों बीत जाने के बाद आज भी विकासखण्ड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में लोग स्वच्छ पेय जल से वंचित रह गए हैं। बताया जाता है कि औराई माधोसिंह पेयजल जल योजना के तहत लगभग सन् 1980 में जेठूपुर गांव में जलनिगम विभाग द्वारा पानीटंकी का निर्माण कराकर जल की आपूर्ति की जा रही थी। जिसमें मेघीपुर, कैयरमऊ, परसोत्तमपुर, हमीदपट्टी, औराई, चकजोधी, चकभौरा, भवानीपुर, जेठूपुर, जयरामपुर, लसमणिया, माधोसिंह बाजार के दक्षिण नटवां वंजारी गांव तक पानी की सप्लाई होती थी। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि मशीन के तकनीकी खराबी के कारण कई वर्षों से पानी की आपूर्ति बन्द पड़ी हुई है। वर्तमान समय में दो नलकूप आपरेटर उमाशंकर पाण्डेय व इन्द्रमणि पांडेय की तैनाती है। वहां प्रांगण में स्थित कर्मचारियों को रहने के लिए विभाग द्वारा आवास बनाया गया है जो कि इस समय जर्जर हो गया जिससे कर्मचारी दूसरे स्थान पर किराये के भवन में रहने पर विवश हो गए हैं।

# डिवाइस के सबन्ध में बीसी सखियों ने सीडीओ को सौंपा पत्रक

**अखंड भारत संदेश**




**ज्ञानपुर।** डिवाइस खरीदने के सम्बन्ध में जनपद की बीसी सखियों ने मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया व सीडीओ को पत्रक सौपकर समस्या के निदान की मांग की।

सीडीओ को दिए गए पत्रक में बीसी सखियों ने अवगत कराया कि बीसी सखियों के चयन के बाद ट्रेनिंग भी पूरी हो गई है। डिवाइस खरीदने के लिए सरकार द्वारा भदोही जिले में एयरटेल पेमेन्ट बैंक से संबद्ध किया गया है। एयरटेल पेमेंट बैंक द्वारा जो डिवाइस दिया जा रहा है, वह शासनादेश से बिल्कुल संबंध नहीं रखता। वह बहुत ही खराब है और उसका कीमत 31000/- के करीब है जबकि वह डिवाइस बाजार में 13000/- में 16000/- की कीमत पर उपलब्ध है। इसलिये हम सब डिवाइस नहीं लेना चाहते है तो हमारे ऊपर एनआरएलएम व बीएमएम द्वारा दबाव बनाया जा रहा है कि अगर आप सब डिवाइस नहीं लेगी तो आपको इस्तीफा देना होगा। जबकि शासनादेश द्वारा जारी आदेश में साफ साफ लिखा है कि अगर चयनित एजेंसी द्वारा दिया जाने वाला सही डिवाइस नही मिलती तो बीसी सखी बाजार से या अन्य स्तोत्र से डिवाइस खरीद सकती है। जिसका शासनादेश प्रति साथ में संलग्न है। दूसरा शासनादेश में जो 75000 रुपया डिवाइस खरीदने के लिए 0 प्रतिशत ब्याज पर दिया गया था। अब उस पर भी 4 प्रतिशत ब्याज लिया जा रहा है। शासनादेश में यह आदेशित है कि बीसी सखी को स्व विवेक से इतने पैसे में लैपटॉप या अन्य डिवाइस भी मिल जाएगी। जिससे हम लोग ट्रान्जेक्शन के साथ साथ अन्य भी काम कर सकते हैं। जिससे हमारी इनकम भी बढ़ेगी। बीसी सखियों ने इस विषय पर कोई ठोस निर्णय लेते हुए कोई न्याय संगत आदेश देने की माँग की हैं। इस मौके पर बीसी सखी कंचन देवी, श्वेता देवी, अनीता देवी मौर्या, मनोरमा, मीना, पुनम सिंह, सुनीता, रामकली, आरती देवी, इन्द्रावती, गौतम, अर्चना, रीना देवी, सरिता देवी, चन्दा गौतम आदि लोग शामिल रही।

## सपा मुखिया के आगमन को लेकर डीएम से मिले सपा निवर्तमान जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**



**भदोही।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 5 सितंबर को जिले में आगमन होगा। इसको लेकर मंगलवार को पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव ने जिलाधिकारी आर्यका अखौरी से मुलाकात की। जहां पर प्रर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए जाने की मांग की गई।सपा मुखिया अखिलेश यादव शिक्षक दिवस के मौके पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. बी पांडेय द्वारा इनारगांव डुहिया में स्थित जेआरएसएन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। जहां पर वे शिक्षकों को सम्मानित भी करेंगे। सूबे के पूर्व सीएम के आगमन को लेकर जिले के सपाइयों ने तैयारियों को तेज कर दी है। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल बनने का काम शुरू हो गया है। भीड़ जुटाने के लिए सपा नेताओं द्वारा जिले में जगह-जगह बैठकें की जा रही है। इसी सिलसिले में पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष बाल विद्या विकास यादव ने डीएम आर्यका अखौरी से मुलाकात की। जहां पर उन्होंने सपा मुखिया के कार्यक्रम से अवगत कराया और उनके आगमन के दिन कार्यक्रम स्थल पर प्रर्याप्त मात्रा में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने की मांग की। इस मौके पर समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुरेश यादव व पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र मिश्र पप्पू मौजूद रहे।

# बीसीसीआई ने आईपीएल टीम खरीदने के लिए जारी किया टेंडर, 5 अक्टूबर है लस्ट डेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2022 के सीजन में दो नई फ्रेंचाइजी टीमों को जोड़ने से भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के खाते में जल्द ही कम से कम 5000 करोड़ रुपये जमा हो सकते हैं। आईपीएल अभी आठ टीमों के बीच खेला जाता है लेकिन अगले वर्ष से इसमें 10 टीमें खेलेंगी। आईपीएल संचालन परिषद की हाल की बैठक के दौरान इसकी बोली प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया गया। बीसीसीआई ने आईपीएल टीम खरीदने के लिए मंगलवार को बोली आमंत्रित की और इसके लिए 'निविदा आमंत्रण पांच अक्तूबर तक खरीदा जा सकेगा। बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ' कोई भी कंपनी 10 लाख रुपये देकर बोली दस्तावेज खरीद सकती है। पहले



दो नई टीमों का आधार मूल्य 1700 करोड़ रुपये रखने पर विचार किया जा रहा था लेकिन अब आधार मूल्य 2000 करोड़ रुपये करने का फैसला किया गया है।' आईपीएल के वित्तीय पक्ष को देखने वाले सूत्र ने बताया कि यदि बोली प्रक्रिया योजना के अनुसार आगे बढ़ी तो बीसीसीआई को कम से कम 5000 करोड़ रुपये का लाभ होगा क्योंकि कई कंपनियां बोली प्रक्रिया में दिलचस्पी दिखा रही हैं। उन्होंने कहा, ' बीसीसीआई कम से कम 5000 करोड़ रुपये की उम्मीद कर रहा है। अगले सत्र में आईपीएल में 74 मैच होंगे और यह सभी के लिये फायदे वाली स्थिति होगी।

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, ' आईपीएल की संचालन परिषद आईपीएल 2022 सत्र से इंडियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लेने के लिए प्रस्तावित दो नई टीमों में से एक का स्वामित्व और संचालन का अधिकार हासिल करने के लिए निविदा प्रक्रिया के जरिए बोली आमंत्रित करती है। कोई भी इच्छुक पक्ष जो बोली जमा कराना चाहता है उसे निविदा आमंत्रण खरीदना होगा। हालांकि निविदा आमंत्रण में लिखित पात्रता को पूरा करने वाले और अन्य नियमों और शर्तों को पूरा करने वाले बोली के पात्र होंगे। स्पष्ट किया जाता है कि सिर्फ निविदा आमंत्रण को खरीदने से कोई व्यक्ति बोली लगाने का पात्र नहीं होगा।पता चला है कि सालाना 3000 करोड़ रुपये या इससे अधिक का टर्न ओवर रखने वाली कंपनियों को ही बोली प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। यही नहीं बीसीसीआई कंपनियों के समूह को भी टीम खरीदने के लिये अनुमति देने की योजना बना रहा है। इससे बोली प्रक्रिया अधिक रोचक बन जाएगी। सूत्र ने कहा, ''मुझे लगता है कि तीन से अधिक कंपनियों को समूह बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन यदि तीन कंपनियां साथ में आकर एक टीम के लिये बोली लगाना चाहती हैं तो ऐसा करने के लिये उनका स्वागत है। नई टीमों जो आधार स्थल होंगे उनमें अहमदाबाद, लखनऊ और पुणे भी शामिल हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम और लखनऊ का इकाना स्टेडियम फ्रेंचाइजी की पसंद हो सकते हैं क्योंकि इन स्टेडियमों की क्षमता अधिक है।

## राजस्थान रॉयल्स को लगा तगड़ा झटका, बटलर-स्टोक्स हुए बाहर, 2 खिलाड़ियों को मिली जगह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 का दूसरा फेज 19 सितंबर से यूएई में शुरू होना है। कई टीमों ने यूएई पहुंचकर अपनी ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। इस बीच, लीग की पहली चैंपियन राजस्थान रॉयल्स को दूसरे हाफ के शुरू होने से पहले ही तगड़ा झटका लगा है। टीम के दो शानदार बल्लेबाज जोस बटलर और बेन स्टोक्स लीग के 14वें सीजन से बाहर हो गए हैं। ये दोनों खिलाड़ी अब दूसरे हाफ में नहीं खेलेंगे। राजस्थान रॉयल्स ने इसे कंफर्म भी किया है।

फ्रेंचाइजी ने साथ ही इंग्लैंड के इन दोनों स्टार खिलाड़ियों की जगह वेस्टइंडीज के एविन लुईस और ओशेन थॉमस को अपनी टीम में शामिल किया है। बटलर पिता बनने वाले हैं और अपने बच्चे के जन्म के समय वह अपनी पत्नी के पास ही रहेंगे। वहीं स्टोक्स मेंटल हेल्थ की वजहों से क्रिकेट से दूर



चल रहे हैं। अंगुली में चोट के चलते वह आईपीएल के पहले हाफ में भी नहीं खेल पाए थे। बटलर की जगह आए लुईस इससे पहले मुंबई इंडियंस टीम का हिस्सा थे। राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले, आईपीएल 2021 के दूसरे फेज के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एंड्रयू टाई की जगह साउथ अफ्रीका के तबरेज शम्सी को टीम में शामिल किया था। तबरेज शम्सी टी-20 इंटरनेशनल मं नंबर वन गेंदबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज एंड्रयू टाई ने परिवार के साथ समय बिताने के लिए आईपीएल 14 से नाम वापसे ले लिया था। शम्सी ने साल 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में साउथ अफ्रीका के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। बाएं हाथ के लेग स्पिनर ने 39 टी-20 इंटरनेशनल में 45 विकेट लिए हैं। 27 वनडे इंटरनेशनल में उन्होंने 32 विकेट लिए हैं।

## अफगानिस्तान पर कब्जा होने के बाद क्या ऑस्ट्रेलिया के साथ होगी टेस्ट सीरीज, तालिबान ने दिया जवाब

**नई दिल्लानई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम इस साल नवंबर में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली है। अफगानिस्तान में राजनीतिक तख्तापलट के बीच, अफगान क्रिकेट के भविष्य पर सकंट के बादल मंडराने लगे हैं। ऐसे में इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि अफगानिस्तान क्रिकेट टीम क्या इस साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेल पाएगी। ये टेस्ट मैच 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाना है। अफगानिस्तान को हाल में पाकिस्तान के खिलाफ लिमिटेड ओवरों की सीरीज खेलनी थी, लेकिन इसे फिल?हाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। इस बीच तालिबान ने अफगानिस्तान में क्रिकेट भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है। तालिबान ने कहा है कि अफगानिस्तान में बिना किसी रूकावट के क्रिकेट जारी रहेगा। तालिबान ने साथ ही देश में खेल गतिविधियों को जारी रखने के लिए भी अपनी हरी झंडी दे दी है।

घ्ढ़ नेंड्ढ 2021ः इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने 4प् के लिए चुनी भारत की प्लेइंर्ग ेंघ्, कहा- इस स्टार खिलाड़ी को जरूर जगह मिलनी चाहिए तालिबान के सांस्कृतिक आयोग के उप प्रमुख अहमदुल्ला वासिक ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच टेस्ट मैच तय शेड्यूल के मुताबिक ही होगा। उन्होंने कहा, '(सभी पहले से आयोजित मैच) बिना किसी रुकावट के जारी रहेंगे, और (अफगान टीम) अन्य इंटरनेशनल टीमों के साथ खेल सकती है। भविष्य में, हम सभी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। जब अच्छे संबंध स्थापित हो जाएंगे, तो अफगान खिलाड़ी (ऑस्ट्रेलिया) जा सकते हैं और वे यहां आ सकते हैं।' क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अफगानिस्तान के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 'ऐतिहासिक' टेस्ट मैच को लेकर पहले से ही अपनी तैयारी शुरू कर दी है। सीए के एक प्रवक्ता ने कहा है कि होबार्ट में खेले जाने वाले मैच की प्लनानिंग पर काम चल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सीए और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) सही दिशा में हैं और उनका उद्देश्य टेस्ट मैच को वास्तविकता बनाना है।

### साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने मंगलवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की। इसके साथ ही उनके शानदार क्रिकेट करियर का अंत हो गया, जिसमें उन्होंने दुनिया के कुछ बेस्ट बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती दी। स्टेन ने ट्विटर पर संन्यास की घोषणा की। इस 38 साल के तेज गेंदबाज ने अपने 17 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर के दौरान दक्षिण अफ्रीका के लिए 93 टेस्ट, 125 वनडे और 47 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले। स्टेन ने लिखा, ' आज मैं औपचारिक रूप से उस खेल से संन्यास लेता हूं जिससे मैं सबसे अधिक प्यार करता हूं। सभी को धन्यवाद, परिवार से लेकर टीम के साथियों, पत्रकारों से लेकर प्रशंसकों तक, यह एक साथ शानदार सफर रहा।'

## अजिंक्य रहाणे के इंटरनेशनल क्रिकेट में 10 साल पूरे होने पर पत्नी राधिका ने शेयर

**किया भावुक पोस्ट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने आज ही के दिन 10 साल पहले 31 अगस्त 2011 को इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने अपना डेब्यू मैच इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में खेले गए टी20 मुकाबले में खेला था। रहाणे ने अपने डेब्यू मैच पर अर्धशतक जड़ा था। हालांकि वह इस समय इंग्लैंड दौरे पर हैं, जहां टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। सीरीज के पहले तीन मैचों में रहाणे का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है और इसी वजह से उन्हें प्लेइंग इलेवन से बाहर करने की बात चल रही है। रहाणे की खराब फॉर्म को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी काफी आलोचना भी हो रही



है। इस बीच, रहाणे की पत्नी राधिका धोपावकर ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। राधिका ने यह पोस्ट रहाणे के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू को लेकर किया है, लेकिन साथ ही उन्होंने इसमें रहाणे के आलोचकों पर भी निशाना साधा है।

राधिका ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ' लंबे 10 साल! कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। सुबह पांच बजे की मुंबई लोकल ट्रेन की यात्रा, डोमेस्टिक सर्किट में सालों की मेहनत और फिर पहली बार इंटरनेशनल कैप पाने का लंबा इंतजार। यह सब इंतजार के लायक है, अजिंक्य! आप कई उतार-चढ़ावों से गुजरे हैं। लेकिन सभी बाधाओं के खिलाफ लड़ते रहने का साहस, पहले जैसा ही बना हुआ है। आपने इस सफर में अब तक बीते हर एक हमें गौरवान्वित किया है और मैं आपके साथ अभी और हमेशा खड़े होकर बहुत खुश हूं।'रहाणे ने इंग्लैंड के साथ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले तीन टेस्ट की पांच पारियों में केवल 95 रन बना पाए हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज इस समय 1-1 की बराबरी पर है। दोनों टीमों के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट दो सितंबर से लंदन में खेला जाएगा।


## पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर ने विराट.बाबर और जो रूट की जगह किस खिलाड़ी को बताया वर्ल्ड का बेस्ट कप्तान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मौजूदा समय में जब क्रिकेट मे बेस्ट कप्तानों की बात आती हैए तो उसमें टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहलीए जो रूट और बाबर आजम का नाम लिया जाता है। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया की राय थोड़ा अलग है। वो न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को वर्ल्ड का बेस्ट कप्तान मानते हैं। विराट कोहली की अगुवाई में टीम इंडिया का प्रदर्शन शानदार रहा है। बाबर आजम की कप्तानी में भी पाकिस्तान ने पिछले कुछ समय में अपनी छाप छोड़ी है।

दानिश कनेरिया ने क्रिकेटैकर को दिए इंटरव्यू में बताया कि वो न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को दुनिया का सबसे सर्वश्रेष्ठ कप्तान मानते हैं। उन्होंने क्रिकट्रैक के शो श्फ्री हिटश् में हिस्सा लिया। इसमें उन्होंने कई सवालों के जवाब दिए।जब उनसे पूछा गया कि मौजूदा दौर में वर्ल्ड क्रिकेट में बेस्ट कप्तान कौन हैघ् इस सवाल के जवाब में कनेरिया ने केन विलियमसन का नाम लिया। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड ने विलियमसन की कप्तानी में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीता था। डब्ल्यूटीसी के पहले एडिशन में भारत को उसने 8 विकेट से हराया था।40 साल के कनेरिया ने भले ही आजम को बेस्ट कप्तान ना बताया हो लेकिन उन्होंने आजम की तारीफ की। उनसे जब पूछा गया कि आप आजम के बारे में एक शब्द में क्या कहेंगे तो उन्होंने कहा कि वह बहुत प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं।

# इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने कहा. सीरीज जीतने के लिए भारत के इस खिलाड़ी को खामोश रखना होगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड की क्रिकेट टीमें पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1.1 की बराबरी पर है। भारत ने जहांए लॉर्ड्स में रोमांचक अंदाज में दूसरा टेस्ट जीता थाए तो वहीं मेजबान इंग्लैंड की टीम ने लीड्स में तीसरे टेस्ट में जोरदार वापसी की और एक पारी और 76 रन से मैच जीत लिया। सीरीज में अब आगे दो ही मैच बचे हैं और दोनों टीमों के पास सीरीज जीतने का मौका है। इस बीचए इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने सीरीज जीतने को लेकर बड़ा बयान दिया है। रूट ने बताया है कि सीरीज पर कब्जा जमाने के लिए उनकी टीम को भारत के किस खिलाड़ी को शांत रखने की जरूरत



है। रूट ने भारतीय कप्तान विराट कोहली का नाम लेते हुए कहा है कि मेजबान टीम के लिए कोहली को शांत रखे बगैर सीरीज अपने नाम करना मुश्किल है। दोनों टीमों के बीच चौथा टेस्ट दो सितंबर से लंदन में खेला जाएगा।

रूट ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहाए श् टीम की जीत का श्रेय हमारी गेंदबाजी आक्रमण को जाता है। विराट विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैंए इसलिए इसका श्रेय गेंदबाजी को दिया जाना चाहिए। हम उन्हें शांत रखने में सफल रहे हैंए यह हमारी गेंदबाजी यूनिट का एक बहुत अच्छा प्रयास है और अगर हमें यह सीरीज जीतनी है तो हमें इसे जारी रखना होगा। हमने उन्हें आउट करने के कई तरीके खोजे हैं। वह एक अच्छा खिलाड़ी है और उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। हमें बेस्ट खिलाड़ियों को आउट करने के तरीकों पर गौर करना होगा।श् इंग्लिश कप्तान ने आगे कहा कि पिछला मैच जीतने के बाद इंग्लैंड की टीम शांत नहीं बैठ सकती है क्योंकि भारत निश्चित रूप से वापसी करेगा। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य अभी से कड़ी मेहनत करना और अपनी टीम को मजबूत करना है। रूट ने कहाए श् विराट कोहली के नेतृत्व वाली भारत जैसी विश्व स्तरीय टीम से मैं महज एक प्रतिक्रिया से ज्यादा की उम्मीद करता हूं। हम भ्रमित होकर मूर्ख ना बनेए ये हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हमें अब ज्यादा मेहनत करनी हैए अगर हम खेल को किसी भी चीज से ज्यादा चाहते हैं तो हमें मजबूत बनना होगा।



## नासिर हुसैन ने इंग्लैंड की टीम को चौथे टेस्ट से क्यों दी चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1.0 से पिछड़ने के बाद लीड्स टेस्ट में शानदार वापसी की। इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट में भारत को एक पारी और 76 रन से हराकर सीरीज में वापसी कर ली है। इस समय सीरीज 1.1 से बराबरी पर है। चौथे टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने मेजबान इंग्लैंड टीम को चेतावनी दी है। हेडिंग्ले में जीतने के बाद जो रूट और उनकी टीम मेहमान टीम को हल्के में ना लें। नासिर हुसैन ने भारत के सीरीज में अब तक दिखाए गए इरादे की सराहना की। उन्होंने इंग्लैंड की टीम को याद दिलाया कि इस साल की शुरुआत में बॉर्डर.गावस्कर ट्रॉफी में एडिलेड की हार के बाद भारत ने कैसे वापसी की। उन्होंने द टेलीग्राफ में लिखे गए अपने कॉलम में कहाएश् हेडिंग्ले में इंग्लैंड ने दोनों कॉर्नर से गेंद को स्विंग कराया। भारत के तेज गेंदबाज कुशल हैं। उन्होंने गेंद को बिल्कुल भी स्विंग नहीं करवाया। लेकिन आखिरी चीज जो इंग्लैंड को अब करनी चाहिए वह यह है कि उन्होंने कड़ी मेहनत की है और साउथ लंदन में गुरुवार से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट और ओल्ड ट्रैफर्ड में फाइनल मैच से पहले भारत को कमतर नहीं आकंना चाहिए। क्योंकि उनके हमले के लिए ये मैदान बेहतर हैंए जो उन्हें सूट करते हैं।ठ

उन्होंने कहा कि याद रखें कि छले साल के अंत में एडिलेड टेस्ट में टीम इंडिया 36 रन पर आउट हो गई थी। लेकिन उन्होंने कोहली के भारत लौटने के बाद शानदार वापसी करते हुए सीरीज जीती। टीम इंडिया में वापसी करने की ताकत हैए भले ही कप्तान विराट कोहली अच्छी फॉर्म में ना हों। उन्होंने कहा कि भारत के पास संघर्ष करने की ताकत है। भले ही कोहली 2014 के वर्जन दिख रहे हैं। इंग्लिश परिस्थितियों में कोहली ने

इंग्लैंड का अटैक का शानदार सामना किया था।

## कोलकाता में खेला जाएगा रणजी ट्रॉफी का फाइनलए दिल्ली, मुंबई और कर्नाटक एक ग्रुप में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड;बीसीसीआईद्ध ने रणजी ट्रॉफी को 13 जनवरी से शुरू करने की योजना बना रहा है। 5 दिन के क्वारंटाइन के बाद नॉकआउट के मुकाबले शुरू होंगे। रणजी ट्रॉफी की 38 टीमों को 6 ग्रुप्स में बांटा गया है। ये अपने मैच मुंबईए बैंगलोरए कोलकाताए अहमदाबादए त्रिवेंद्रम और चेन्नई में खेलेंगी। नॉकआउट मैच के लिए कोलकाता को रिजर्व किया गया है। ये मुकाबले 5 दिन के क्वारंटाइन के एक और फेज के बाद 20 फरवरी से खेले जाएंगे। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक पांच दिवसीय क्वार्टर फाइनल मुकाबले 28 फरवरी से 3 मार्च तक खेले जाएंगे। वहीं सेमीफाइल 8 से 12 मार्च तक खेले जाएंगे। रणजी ट्रॉफा का फाइनल 16 से 20 मार्च तक खेला जाएगा। पिछले साल कोरोना की वजह से रणजी ट्रॉफी नहीं खेली जा सकी थी। सोमवार को राज्य इकाइयों के बीच प्रसारित घरेलू सत्र के विस्तृत कार्यक्रम में बीसीसीआई ने टीमों को ग्रुप के बारे में भी सूचित किया है। कर्नाटकए दिल्लीए मुंबई सहित हैदराबादए महाराष्ट्रए उत्तराखंड को एलीट सी ग्रुप में जगह मिली है। इनके ग्रुप मुकाबले कोलकाता में होंगे।

एलीट ग्रुप ए में गुजरातए पंजाबए हिमाचलए मप्रए सर्विसेस और असम शामिल हैं। ये मुंबई में मुकाबले खेलेंगे। वहीं बी ग्रुप में बंगालए विदर्भए राजस्थानए केरलए हरियाणा और त्रिपुरा शामिल हैं। ये बैंगलोर में भिड़ेंगे। ग्रुप डी में सौराष्ट्रए तमिलनाडुए रेलवेए जम्मू.कश्मीरए झारखंड और गोवा हैं। ये अहमदबाद में अपने मैच खेलेंगे। ग्रुप ई में आंध्र प्रदेशए उप्रए बड़ौदाए ओडिशाए छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी हैं। इनके मुकाबले त्रिवेंद्रम में होंगे।प्लेट ग्रुप में 8 टीमों चंडीगढ़ए मेघालयए बिहार नागालैंडए मणिपुरए मिजोरमए सिक्किम और अरुणाचल को जगह मिली है। ये टीमें चेन्नई में अपने मैच खेलेंगी। सैयद टी20 मुश्ताक अली ट्रॉफी 4 नवंबर से शुरू होगी। इसके नॉकआउट के मुकाबले 16 नवंबर से दिल्ली में होंगे। इसका फाइनल 22 नवंबर को होगा।

## टीम इंडिया के लिए खुशखबरीए चौथे टेस्ट में जेम्स एंडरसन और ओली रॉबिन्सन में एक गेंदबाज हो सकता है बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। इस समय सीरीज 1.1. से बाहर है। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच से भारत के लिए राहत की खबर है। ओवल टेस्ट में इंग्लैंड जेम्स एंडरसन या फिर ओली रॉबिन्सन में से किसी एक गेंदबाज को रेस्ट दे सकता है। इसके संकेत इंग्लैंड के हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड ने दिए हैं। उन्होंने लगता है तकि आराम और रोटेशन महत्वपूर्ण है। क्योंकि पिछले तीन टेस्ट मैचों में काफी कम दिन रेस्ट मिला है। लीड्स टेस्ट में ओली रॉबिन्सन को मैन ऑफ द मैच मिला था। उन्होंने इस सीरीज में 16 विकेट हासिल किए हैं। वहीं इंग्लैंड के सीनियर तेज गेंदबाज एंडरसन ने इस सीरीज में 13 विकेट लिए हैं। क्रिस वोक्स की टीम में वापसी हुई है और ऐसे में दोनों में से किसी एक गेंदबाज को आराम दिया जा सकता है। क्रिस वोक्स एक साल बाद टेस्ट मैच खेल सकते हैं। क्रिस सिल्वरवुड ने कहाएश् ठमैं इन्हें ब्रेक नहीं देना चाहता। हमारे सामने काफी क्रिकेट पड़ा है। टेस्ट अब तेज हो रहे हैं और लगातार होने से मुश्किल हो रही है।

## आकाश चोपड़ा ने बतायाए इंग्लैंड में रोहित शर्मा बल्ले से क्यों मचा रहे हैं धमाल


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अभी तक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। रोहित इंग्लैंड में काफी समय लेकर खेल रहे हैं। टेस्ट में भारत के पूर्व ओपनर और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि रोहित ने अपनी बल्लेबाजी में बड़ा बदलाव किया है। उनका मानना है कि रोहित ने इंग्लिश परिस्थितियों से अच्छा सामन्जस्य बैठा लिया है। आकाश ने रोहित की इसके लिए काफी तारीफ भी की। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल में अपलोड एक वीडियो में कहाए श्उन्होंने;रोहितद्ध ने एक बड़ा बदलाव किया है। वह खुद को लगातार याद दिला रहे होंगे कि यह उनकी नई आदत है कि वह पिच.अप गेंदों को नहीं मारेंगेए अपने शरीर के करीब और बेहद सावधानी से खेलेंगे। मैं बहुत खुश हूं।श् उन्होंने कहा कि खिलाड़ी तभी महान बनता है जब वह एडॉप्ट करना सीखता है। इंग्लैंड के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में रोहित शर्मा के अप्रोच का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा ये उनकी आक्रामक अप्रोच से बिल्कुल अलग है।

आकाश ने कहा जब आप महानता को मापते हैं तो उसके कई मापदंड होते हैं। पहला आप कितना लंबा जाते होए दूसरे आंकड़े और तीसरा ये है कि आप अपने आसपास के लोगों को कैसे प्रेरित करते हैं। क्या आपने मैदान पर और कभी.कभी मैदान के बाहर भी पर्याप्त अंतर पैदा किया है। क्या आपने समय के साथ खुद में तालमेल बढ़ाया है। जब आप सभी महान खिलाड़ियों को देखते हैं तो उन्होंने कहीं ना कहीं सामंजस्य बैठाया है। रोहित शर्मा ने इस टेस्ट सीरीज में अभी तक 6 पारियों में 42 की औसत से 230 रन बनाए हैं। वो इस सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने वालों की लिस्ट में तीसर नंबर पर हैं।

# अफगानिस्तान और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर होगी अहम चर्चा

## यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की बैठक में एस जयशंकर को आमंत्रण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत के साथ-साथ यूरोपीय संघ भी इसे लेकर गंभीर है। जल्द ही समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की अफगानिस्तान के मुद्दे पर एक अहम बैठक होने वाली है। इस बैठक में शामिल होने के लिए भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी आमंत्रित किया गया है।यूरोपीय संघ (ईयू) की परिषद की वर्तमान में अध्यक्षता कर रहे स्लोवेनिया ने समूह के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की शुक्रवार को होने वाली अनौपचारिक बैठक के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को आमंत्रित किया है। सूत्रों ने



मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को होने वाली इस बैठक में अफगानिस्तान के घटनाक्रम और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा होने की संभावना है। एक सूत्र ने कहा कि यूरोपीय संघ की परिषद के बतौर वर्तमान अध्यक्ष स्लोवेनिया तीन सितंबर को संघ के सदस्यों देशों के विदेश मंत्रियों की इस अनौपचारिक बैठक की मेजबानी करेगा। सूत्र ने बताया कि इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

इससे पहले मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के बीच फोन पर बातचीत हुई है। इस बातचीत के बाद चार्ल्स मिशेल ने एक ट्वीट भी किया। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा कि 'नरेंद्र मोदी के साथ अफगानिस्तान में स्थिति पर चर्चा की। हम आतंकवाद का मुकाबला करने और मानवीय मदद उपलब्ध कराने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। बता दें कि अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के साथ ही यहां की सुरक्षा व्यवस्था व हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।'

इस बातचीत को लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय ने यहां एक बयान में कहा कि टेलीफोन पर बातचीत के दौरान, दोनों नेताओं ने एक स्थिर और सुरक्षित अफगानिस्तान के महत्व पर जोर दिया और इस संदर्भ में भारत और यूरोपीय संघ की संभावित भूमिका पर चर्चा की। इसमें कहा गया है कि मोदी और मिशेल ने काबुल हवाई अड्डे पर हुए भीषण आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा की, जिसमें कई लोग हताहत हुए थे।

## यात्रियों का सामान एयरपोर्ट पर छोड़ उड़ गई एअर इंडिया की फ्लाइट, विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मांगी रिपोर्ट





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एअर इंडिया की एक फ्लाइट यात्रियों का सामान लिये बगैर ही उड़ गई। इस मामले में अब केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने एयरलाइंस से रिपोर्ट मांगी है। जानकारी के मुताबिक बीते 29 अगस्त को इस फ्लाइट ने शिकागो (यूएस) के लिए नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। लेकिन इस विमान में बैठे करीब 40 यात्रियों का सामान विमान में रखा ही नहीं गया। एक यात्री ने बताया कि उनका सामान शिकागो तक नहीं पहुंचा क्योंकि, एअर इंडिया ने विमान में सामान लोड ही नहीं किया था।ंघ् 127 दिल्ली-शिकागो विमान, बिना 40 यात्रियों का सामान लिये ही लैंड कर गई। इस मामले में एक ट्विटर यूजर ने केंद्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को टैग करते हुए लिखा कि 'सोचिए इस मुश्किल घड़ी में इस विमान के यात्रियों की हालत कैसी रही होगी।' ट्वीट पर नजर पड़ते ही केंद्रीय मंत्री भी एक्शन में आ गए। उन्होंने इस मामले को बेहद ही गंभीरता से लेते हुए एयरलाइंस को शिकायत की जांच का आदेश दे दिया।केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट कर कहा कि 'एअर इंडिया, कृप्या कर जांच करें और जवाब दें।' इसके बाद एअर इंडिया को शिकायत की जानकारी मिली और एक यात्रियों का सामान नहीं पहुंचने के मामले में जांच भी शुरू हो गई। एअर इंडिया ने ट्वीट कर कहा है कि 'हम अपनी शिकागो बैगेज टीम के साथ इस मामले की जांच कर रहे हैं आखिर कैसे यात्रियों का सामान छूट गया।' इस विमान में सफर करने वाले एक छात्र ने न्यूज एजेंसी ंघ्द्द से बातचीत में कहा कि 'इस महामारी में कहीं यात्रा करना एक बड़ा टास्क है। इसलिए हम हाथ में ज्यादा भारी सामान लेकर यात्रा नहीं कर सकते। इसलिए हम अपना सामान पैक कर देते हैं। लेकिन एअर इंडिया की फ्लाइट हमें शिकागो ले आई बिना सामान के, शिकागो में मुझे काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि सभी चीजें मेरे बैग में थीं। यहां तक कि मेरे कॉलेज के डॉक्यूमेंट भी बैग में हीं थे और दैनिक उपयोग के सामान भी उसी में रखे हुए थे।

## डेल्टा वैरिएंट के आगे वैक्सीन भी पड़ रही नरम? 25 फीसदी स्वास्थ्य कर्मी कोरोना की चपेट में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोविड-19 टीके की दोनों खुराक लेने के बावजूद करीब 25 फीसदी स्वास्थ्य कर्मी कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में आए थे जिससे डेल्टा स्वरूप के कारण संक्रमण के प्रसार के संकेत मिलते हैं। एक हालिया अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। इंस्टीट्यूट ऑफ जीनोमिक्स एंड इंटीग्रेटिव बायोलॉजी (आईजीआईबी) और दिल्ली-एनसीआर के मैक्स अस्पतालों द्वारा संयुक्त रूप से किए गए अध्ययन में पाया गया कि दिल्ली में पूर्व में दर्ज मामलों की तुलना में डेल्टा के प्रकोप का असर अधिक रहा।

अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता और आईजीआईबी के वरिष्ठ वैज्ञानिक शांतनु सेनगुप्ता ने कहा कि हालांकि, संक्रमण का स्तर हल्का था और टीकाकरण गंभीर रूप से बीमार होने से बचाने में खासा मददगार साबित हुआ। उन्होंने चेताया कि संक्रमण की चपेट में आने वाले 25 फीसदी स्वास्थ्य कर्मियों में से अधिकतर में बीमारी के लक्षण नहीं थे, ऐसे में वायरस के प्रसार को काबू करने में मास्क पहनने की अहम भूमिका है। सेनगुप्ता ने कहा कि करीब 95 ऐसे स्वास्थ्य कर्मियों का अध्ययन किया गया जोकि टीके की दोनों खुराक ले चुके थे। इनके टीकाकरण के बाद 45-90 दिनों तक इनका मूल्यांकन किया गया। उन्होंने कहा कि इन 95 में से 25 फीसदी से अधिक संक्रमण की चपेट पाए गए।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कोविड-19 रोधी टीकों की अब तक 64.36 करोड़ से अधिक खुराक प्रदान की जा चुकी हैं। इसके अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) को 14,94,040 खुराक की आपूर्ति की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि 5,42,30,546 खुराकें अभी भी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के पास उपलब्ध हैं। केंद्र सरकार पूरे देश में कोविड-19 टीकाकरण की गति को तेज करने और इसके दायरे का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# आतंकी संगठनों में शामिल युवाओं के परिवारों से मिले सेना के टॉप कमांडर, कहा- दलदल से निकालें बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कश्मीर घाटी में सेना के अफसर ऐसे परिवारों से मुलाकात कर रहे हैं, जिनके बच्चे आतंकी संगठनों में शामिल हो चुके हैं। मंगलवार को भी सेना के टॉप कमांडर ने 80 परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान इनसे गुहार लगाई गई कि यह अपने बच्चों को आतंक के दलदल से वापस बुला लें। चाहे इसके लिए उन्हें कोई भी रास्ता अपनाना पड़े।

श्रीनगर स्थित चिनार कोर में जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डीपी पांडे ने दक्षिणी कश्मीर के एक स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इन परिवारों को मोटिवेट किया। यह पहली बार है जब कोई सीनियर मोस्ट आर्मी अफसर घाटी में ऐसे परिवारों से निजी तौर पर जाकर मिल रहा है। इस दौरान कश्मीर रेंज के पुलिस आईजी ने भी इन परिवारवालों से




बातचीत की। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल से लाइव एनकाउंटर्स के दौरान पुलिस और सुरक्षा बल स्थानीय आतंकियों को सरेंडर का मौका दे रहे हैं। परिवारवालों से गुहार लगाई गई कि वह हाल ही में आतंकी बने अपने बच्चों का वापस बुला लें। इस दौरान आर्मी कमांडर ने परिवारवालों को समझाया कि वाइट कॉलर आतंकी आपके बच्चों को टारगेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह वाइट कॉलर आतंकी खुद तो अपने बच्चों को देश और दुनिया के अच्छे स्कूलों में पढ़ाई कर रहे हैं। जिंदगी का लुत्फ उठा रहे हैं, वहीं ये आपके बच्चों को आतंक की आग में झोंक दे रहे हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूत है।

आर्मी कमांडर ने कहा कि मैं आपको यहां यह बताने आया हूं कि एक युवा आतंकी बनकर बंदूक उठाता क्यों है? या तो वह लड़कियों को इंप्रेस करना चाहता है। या फिर ड्रग्स के चक्कर में आतंकियों के झांसे में आ जाता है। एक वजह यह भी हो सकती है कि वह पढ़ाई में अच्छा न हो और बंदूक के शौक में वहां चला गया हो। जश्न-ए-जानूब नाम से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल पांडेय ने कहा कि मेरी आप सभी से गुजारिश है कि अपने बच्चों को चुपचाप इन आतंकी संगठनों से वापस बुला लीजिए। उन्होंने कहा कि मैं आपको इस बात के लिए भी आश्वस्त करता हूं कि अगर आतंकियों के खिलाफ किसी ऑपरेशन के दौरान कोई लड़का सरेंडर करना चाहता है तो आर्मी वह सब करेगी जो संभव होगा।

## आईएसकेसीओएन के संस्थापक स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जयंती पर स्मारक सिक्का जारी करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को श्रील भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर 125 रुपए का एक विशेष स्मारक सिक्का जारी करेंगे और एक सभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कायार्लय के अनुसार पीएम मोदी वीडियो कॉफ्रेन्स के माध्यम से शाम को आयोजित इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे।

स्वामी जी ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) की स्थापना की थी जिसे आमतौर पर ङ्घहरे कृष्ण आंदोलनङ्घ के रूप में जाना जाता है। इस्कॉन ने श्रीमदभागगवद् गीता और अन्य वैदिक साहित्य का 89 भाषाओं में अनुवाद किया जो दुनिया भर में वैदिक साहित्य के प्रसार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## ओवैसी की रैली में जमकर उड़ी कोरोना नियमों की धज्जियां, 300 से अधिक लोगों के खिलाफ केस

**बेलगावी (एजेंसी)।** कर्नाटक मेंघ्छ्घ्श् के नेता और सांसद असदुद्दीन ओवैसी की एक रैली में कोरोना नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाई गई हैं। बेलगावी पुलिस ने मंगलवार को कहा कि नगर निगम चुनाव लड़ रहे दो उम्मीदवारों के समर्थन में एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी की जनसभा में हिस्सा लेने वाले 300 से अधिक लोगों पर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया है। बेलगावी शहर की मार्केट पुलिस ने श्रीपद कुलकर्णी की शिकायत के आधार पर कर्नाटक महामारी रोग अधिनियम और आपदा प्रबंधन अधिनियम के अलावा आईपीसी की धाराओं के तहत यह मामला दर्ज किया है। श्रीपद कुलकर्णी कोविड-19 के लिए एक नोडल अधिकारी हैं। पुलिस ने कहा कि यह रैली सोमवार दोपहर को बेलगावी शहर के दरबार गली में आयोजित की गई थी।

उत्तर कर्नाटक में महाराष्ट्र की सीमा से लगे जिला मुख्यालय बेलगावी में 58 वार्डों के लिए नगर निगम का चुनाव होना है। मतदान



3 सितंबर को होगा और मतगणना 6 सितंबर को होगी। चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस, भाजपा और महाराष्ट्र एकीकरण समिति-शिवसेना गठबंधन के बीच है। एआईएमआईएम, आम आदमी पार्टी (आप) और जनता दल (सेक्युलर) ने भी अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

भाजपा ने 56, कांग्रेस ने 49, आप ने 28, जेडी (एस) ने 12 और एआईएमआईएम ने छह उम्मीदवार उतारे हैं। कुल 519 उम्मीदवार मैदान में हैं। चूंकि एमईएस एक मान्यता प्राप्त पार्टी नहीं है, इसलिए इसके उम्मीदवार निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

## विदेश सचिव बोले- जरूरी हो गया है लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से निपटना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा है कि पाकिस्तान के आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) द्वारा प्रतिबंधित संस्थाएं हैं, जिनसे निपटने की और कड़े शब्दों में निंदा करने की जरूरत है।

सोमवार को यहां संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद भवन में मीडिया को संबोधित करते हुए, श्रृंगला ने रेखांकित किया कि भारत की अध्यक्षता में अफगानिस्तान को लेकर पारित प्रस्ताव में सुरक्षा परिषद द्वारा नामित व्यक्तियों और संस्थाओं को संदर्भित किया गया है। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ-साथ हक्कानी नेटवर्क यूएनएससी प्रस्ताव 1267 (1999) के तहत प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाएं हैं। श्रृंगला ने कहा, ''आज का संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्रस्ताव ... भारत की अध्यक्षता में पारित एक बहुत ही महत्वपूर्ण और समय पर की गयी घोषणा है। मैं इस तथ्य को उजागर करना चाहता हूं कि प्रस्ताव यह स्पष्ट करता है कि अफगान क्षेत्र का उपयोग किसी अन्य देश को धमकी देने, उस पर हमला करने के लिये नहीं किया जाना चाहिये। यह विशेष रूप से आतंकवाद का मुकाबला करने के महत्व को भी रेखांकित करता है। यह उन व्यक्तियों और संस्थाओं को भी संदर्भित करता है जिन्हें सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1267 के तहत प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा, ''लश्कर और जैश, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संस्थाएं है, जिनसे निपटने की और कड़ी से कड़ी निंदा करने की आवश्यकता है।

## जलियांवाला पर राहुल गांधी से अलग कैप्टन अमरिंदर सिंह के सुर, कहा- बढ़िया काम हुआ है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के ऐतिहासिक जलियांवाला बाग के नए स्वरूप को लेकर एक तरफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी केंद्र सरकार पर निशाना साध रहे हैं तो वहीं पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ही उनसे उलट जाते दिख रहे हैं। राहुल गांधी ने मंगलवार को ही एक ट्वीट कर कहा था कि सरकार ने शहीदों का अपमान किया है और वह इसे सहन नहीं करेंगे। लेकिन अब पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि उन्हें यह स्मारक अब अच्छा लग रहा है।

जलियांवाला को लेकर पूछे गए सवाल पर कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा, 'मैं आप लोगों को इतना ही बताना चाहता हूं कि मैं नहीं जानता कि क्या हटा दिया गया है। मैं उस शाम को पीएम नरेंद्र



मोदी के कार्यक्रम में था और मुझे वहां अच्छा लगा था।'

पीएम नरेंद्र मोदी ने जलियांवाला बाग के नए परिसर का शनिवार को उद्घाटन किया था। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा था कि यह देश की ड्यूटी है कि वह अपने इतिहास का संरक्षण करे। हालांकि नए परिसर को लेकर केंद्र सरकार की सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने आलोचना की थी। इसके अलावा राहुल गांधी और कई अन्य नेताओं ने भी केंद्र सरकार की आलोचना की थी। 102 साल पहले जलियांवाला बाग में अंग्रेज अधिकारी जनरल डायर ने प्रदर्शनकारियों पर फायरिंग का आदेश दे दिया था।

## अफगानिस्तान में अईएस लड़ाकों की मौजूदगी पर ब्रिटेन बोला- हम हमले के लिए तैयार

**लंदन (एजेंसी)।** पेंटागन द्वारा अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट-खोरसान (आईएसआईएस-के) से जुड़े कम से कम दो हजार लड़ाकों की मौजूदगी का खुलासा करने के बाद ब्रिटेन ने कहा है कि इस आतंकवादी संगठन के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए वह हमले करने के लिए 'तैयार है।

इस्लामिक स्टेट के अफगानिस्तान में सहयोगी जिसे इस्लामिक स्टेट खोरसान कहा जाता है, ने काबुल स्थित हामिद करजई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गत गुरुवार को हुए दोहरे धमाके की जिम्मेदारी ली थी जिसमें 169 अफगान और 13 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। ब्रिटेन के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल सर माइक विगस्टन ने द डेली टेलीग्राफ अखबार से सोमवार को कहा कि ब्रिटेन इस्लामिक स्टेट-खोरसान के



खिलाफ हमले में शामिल हो सकता है। वह अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद ब्रिटिश और अमेरिकी सैनिकों की वापसी पूरी होने के बाद बोल रहे थे। विगस्टन ने कहा, ब्रिटेन दाएश (इस्लामिक स्टेट) द्वारा काबुल हवाई अड्डे पर किए गए हमले में मारे गए लोगों के शोक में अपने साझेदारों के साथ खड़ा है और कहीं भी दाएश का सामूहिक रूप से हर तरह से मुकाबला करने के लिए साथ है।

उन्होंने कहा, अगर हमारे लिए योगदान करने का अवसर बनता है तो मुझे कोई संशय नहीं है कि हम उसके लिए तैयार हैं। चाहे कहीं भी हिंसक चरमपंथ का उदय होता है और ब्रिटेन और उसके सहयोगियों पर प्रत्यक्ष या परोक्ष खतरा उत्पन्न होता है तो हम तैयार हैं। अफगानिस्तान दुनिया के सबसे अगम्य स्थानों में से एक है।

## अलकायदा ने तालिबान को दी अफगानिस्तान जीतने की बधाई, संदेश की इस बात ने बढ़ाई भारत की टेंशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में तालिबान की जीत पर अलकायदा ने बधाई दी है। उसके इस बधाई संदेश ने भारत के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। असल में अलकायदा ने इस बधाई संदेश के साथ कश्मीर समेत कई अन्य जगहों को इस्लाम के दुश्मनों से आजाद कराने की बात कही है। अमेरिकी सेनाओं के छोड़ने के बाद तालिबान ऐलान किया कि अफगानिस्तान ने पूर्ण आजादी हासिल कर ली है। इसके कुछ ही घंटे बाद अलकायदा ने तालिबान को बधाई वाला संदेश भेजा। अलकायदा ने तालिबान को भेजे बधाई संदेश का शीर्षक दिया है, 'इस्लामिक उम्माह को अफगानिस्तान में अल्लाह द्वारा दी गई आजादी मुबारक।' इस मैसेज में लिखा है, 'ओ अल्लाह, लेवंत, सोमालिया, यमन, कश्मीर और दुनिया के अन्य इस्लामी जमीनों को इस्लाम के दुश्मनों को आजाद कराओ। ओ अल्लाह, दुनिया भर में मुस्लिम कैदियों को आजादी दिलाओ।' अलकायदा ने अपने संदेश में आगे लिखा है कि हम सर्वशक्तिमान और सर्वविद्यमान ईश्वर की तारीफ करते हैं कि उसने अविश्वास के मुखिया अमेरिका को अपमानित किया और उसे शिकस्त दी। हम ईश्वर की तारीफ करते हैं कि उसने अमेरिका को तोड़ दिया और इस्लाम की धरती अफगानिस्तान पर उसे शिकस्त दी है। आगे उसने लिखा है कि निश्चित तौर पर अफगानिस्तान साम्राज्यों की कब्रगाह है। अमेरिका को मात देने के साथ इस देश ने दो दशकों के छोटे से समय में तीन बार अलगाववादी ताकतों को देश से निकाल बाहर किया है।

अलकायदा ने अमेरिका को शैतान का साम्राज्य कहा है। साथ ही उसने तालिबान की इस जीत को दुनिया में दबे-कुचले लोगों के लिए प्रेरणा बताया है। उसने कहा है कि इन सारी घटनाओं से साबित होता है कि केवल जिहाद से ही जीत हासिल की जा सकती है। मैसेज में आगे कहा गया है कि अब वक्त आ गया है कि आगे के संघर्ष के लिए रास्ता तैयार किया जाए। अल्लाह की मदद से हासिल हुई यह ऐतिहासिक जीत मुस्लिमों को पश्चिम द्वारा मुस्लिम देशों पर थोपी गई गुलामी से बचने का रास्ता दिखाएगी। इस बीच भारत के लिए अलकायदा का यह मैसेज इसलिए भी टेंशन देने वाला है क्योंकि अफगान में तालिबान के उभार के बाद से ही कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में इजाफा हो गया है। ऐसी रिपोर्टें आई हैं कि अचानक से कश्मीर में कई आतंकवादियों ने घुसपैठ भी की है। वहीं पाक ऑक्युपाइड कश्मीर में कई आतंकी तालिबान की जीत का जश्न मनाते भी देखे गए हैं। गौरतलब है कि 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद दुनिया भर के देश यहां पर फिर से आतंकवाद के उभार को लेकर चिंतित हैं। बता दें कि फरवरी 2020 में अमेरिका और तालिबान बीच हुए समझौते में एक शर्त यह भी है कि वह आतंकी संगठनों, खासतौर पर अलकायदा को यहां पनपने नहीं देगा। हालांकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की रिपोर्ट में इस बात के कोई संकेत नहीं मिले हैं कि तालिबान ने अलकायदा से संबंध खत्म किया है, या मेलजोल कम किया है।

**अंखड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.
UPHIN 2001/9025